RNI No.
RJBIL/26/A5611

जयपुर, राजस्थान
मौसम
अधिकतम 31.0°C | न्यूनतम 24.0°C
सूर्योदय 6:12 AM
सूर्यास्त 6:33 PM

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

दैनिक
# ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

वर्षः 01 | अंकः 65 | पृष्ठः 8 | मूल्यः ₹2.00 | जयपुर, शुक्रवार 18 सितंबर, 2026 | जयपुर, राजस्थान | राज्यः 01 | अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक)

## दमकल की 'नो एंट्री' और झूलते तारों का मकड़जाल, सदियों पुराने परकोटे में भगवान भरोसे है सुरक्षा, कोई जनहानि नहीं हुई

### 20 से अधिक दमकल गाड़ियों ने संकरी गलियों में मशक्कत कर आग पर काबू पाया









**ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। चारों तरफ बिखरी हुई राख, पानी से तरबतर संकरी गलियां, हवा में तैरती जले हुए कपड़ों की तीखी गंध और आंखों में खौफ लिए खड़े सहमे हुए व्यापारी। यह आज सुबह का मंजर है राजधानी जयपुर के सबसे व्यस्त और ऐतिहासिक कपड़ा बाजार 'पुरोहित जी के कटले' का। यहां के तीन मंजिला सेठी कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल से सुबह जब आग की लपटें उठीं, तो सदियों पुराने परकोटे की धड़कनें अचानक थम गईं। त्योहारों के सीजन को देखते हुए दुकानदारों ने हाल ही में लाखों रुपयों का नया रेडीमेड कपड़ा, कॉस्मेटिक और ज्वेलरी का स्टॉक मंगवाया था, जो बिना बिके ही देखते ही देखते राख का ढेर बन गया। इस भीषण अग्निकांड में करीब 15 से 20 दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी हैं।

गलियों के भीतर पाइप ले जाकर बुझाई आगः ऐतिहासिक परकोटे की वो तंग गलियां, जहां आम दिनों में पैदल चलना भी दूभर होता है, आज सुबह वहां दमकलकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर आग पर काबू पाया। गलियां अत्यधिक संकरी होने के कारण दमकल की गाड़ियों की सीधे 'नो एंट्री' रही, जिससे गाड़ियां मुख्य सड़क पर ही थमी रह गईं। ऐसे में दमकलकर्मियों और सिविल डिफेंस के जवानों ने सैकड़ों मीटर लंबे पाइपों को गलियों के भीतर खींचकर मोर्चा संभाला। दुकानों के शटर बंद होने की वजह से भीतर धुएं का भारी गुबार भर गया था, जिसे काटने और बंद शटरों को कटर से खोलने में रेस्क्यू टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी। करीब चार घंटे तक प्रभावित दुकानों से धुएं का काला गुबार उठता रहा, जिसने सुरक्षा और बचाव अभियान की चुनौतियों को और अधिक जटिल बना दिया।

चौकीदार ने वाट्सएप पर दी आग की सूचनाः इस पूरे हादसे में सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई, जब पूरा बाजार बंद था और कॉम्प्लेक्स में कोई मौजूद नहीं था। चौकीदार विक्रम ने समय रहते दुकानों से धुआं उठता देख दुकानदारों के व्हाट्सएप ग्रुप पर तुरंत मैसेज डाला, जिससे व्यापारी और पुलिस प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गए। यदि यह हादसा दोपहर के व्यस्त समय में हुआ होता, तो संकरी गलियों में भीड़ के कारण जयपुर को एक बड़ी घटना का सामना करना पड़ सकता था। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन परकोटे के ऐतिहासिक बाजारों के ऊपर झूलते बिजली के तार और कॉम्प्लेक्सों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने एक बार फिर प्रशासन पर सुलगते सवाल खड़े कर दिए हैं। माणक चौक थाना पुलिस पहुंची मौके परः घटना की जानकारी मिलने पर माणक चौक थानाधिकारी राकेश ख्यालिया मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि सेठी कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर आग लगी थी, जहां कपड़े, रेडीमेड आइटम और कॉस्मेटिक के सामान की दुकानें हैं। दुकानों के आगे बरामदे में रखा सामान भी आग की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि 20 से ज्यादा दमकल की टीमें आग बुझाने में जुटी रहीं। निजी टैंकरों से पानी मंगवाकर भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। फिलहाल नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीमें मौके पर तैनात हैं। हालांकि, सुबह 11:30 बजे के बाद भी दुकानों से धुआं उठता दिखाई दे रहा था।

चौकीदार ने दी जानकारी, दमकल-पुलिस को बुलायाः मौके पर पहुंचे हमारे संवाददाता विकास व्यास ने लोगों से बात की। प्रत्यक्षदर्शी हेमंत खत्री ने बताया कि कटले के दुकानदारों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बना हुआ है। उस ग्रुप में सुबह करीब 7:30 बजे चौकीदार का एक मैसेज आया, जिसमें दुकानों में आग लगने की सूचना थी। मैसेज देखते ही वह तत्काल भागकर मौके पर पहुंचे। उस समय आग विकराल रूप ले चुकी थी और दुकानों से उठती आग की लपटें देखकर हर कोई घबरा गया। उन्होंने तुरंत पुलिस और अग्निशमन टीमों को फोन किया। दमकल की टीमों के आने के बाद ही दुकानदारों ने राहत की सांस ली। हालांकि, जिन 15 से अधिक दुकानों में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है, वहां आग इतनी भीषण थी कि कोई भी आगे जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। व्यापारियों ने बताया कि कुल कितना नुकसान हुआ है, इसका सटीक आकलन आग पूरी तरह से बुझने के बाद ही हो पाएगा।

दमकल की 20 से ज्यादा गाड़ियां जुटीं आग बुझाने मेंः स्थानीय दुकानदार प्रकाश ने बताया कि सेठी कॉम्प्लेक्स में 150 से ज्यादा दुकानें हैं। इस बिल्डिंग में ग्राउंड, फर्स्ट और सेकंड फ्लोर मिलाकर कुल तीन मंजिलें हैं। सेकंड फ्लोर पर स्थित 15-20 दुकानों में आग से भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, आग को पूरी तरह शांत करने के प्रयास में टीमें अब भी जुटी हुई हैं और 20 से ज्यादा गाड़ियों की मदद से स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## उपचुनाव से पहले TMC को लगा झटका, EC ने फ्रीज किया चुनाव चिन्ह, दिए तीन विकल्प



**ज़ूम न्यूज़**

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (TMC) में घमासान के बीच निर्वाचन आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने पार्टी के मौजूदा चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया है। इसके साथ ही दोनों गुटों से उपचुनाव के लिए तीन-तीन विकल्प देने को कहा है। दोनों गुटों को आयोग ने कल यानी शुक्रवार तक का समय दिया है। टीएमसी के सिंबल को लेकर पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ॠतब्रत बनर्जी के बीच घमासान मचा हुआ है।

इस बीच चुनाव आयोग ने इन दोनों गुटों को कल सुबह 11 बजे तक नाम और चुनाव चिन्ह लाने के लिए कहा है।

उनकी तरफ से जो तीन विकल्प दिए जाते हैं, उनमें से किसी एक को आयोग मंजूर करेगा।

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार (17 सितंबर) को टीएमसी के कंट्रोल के लिए ममता बनर्जी और ॠतब्रत बनर्जी गुटों के साथ सुनवाई की थी। इस दौरान ममता गुट ने किसी भी अंतरिम आदेश का विरोध नहीं किया था, जबकि ॠतब्रत गुट ने राज्य में 6 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव से पहले चुनाव चिन्ह के मामले में जल्द निर्णय लेने की मांग की थी।

## आशीर्वाद के दीयों से जगमगाया मुख्यमंत्री निवास, युवाओं के साथ मुख्यमंत्री ने किए दीप प्रज्वलित



**ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत यूथ बजट पर युवाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री के राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित होकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने जलाया दीया, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य के लिए की कामना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर युवाओं के साथ 'आशीर्वाद के दीये' जलाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के द्वारा सजाई गई रंगोली पर सपत्नीक दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। दीपों की रोशनी से मुख्यमंत्री निवास जगमगा उठा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उनका जीवन समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। वे 25 वर्षों की निरंतर राष्ट्र और सार्वजनिक सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बुनियादी सुविधाओं और गरीब कल्याण की योजनाओं को जमीन पर उतारने, आमजन के आर्थिक सशक्तीकरण तथा विकसित गांव और शहर बनाने के लिए प्रभावी कार्य किए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी युवाओं के लिए हर क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार युवाओं के सशक्तीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में पंचायत स्तर पर ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अटल ज्ञान केन्द्र शुरू किए जा रहे हैं, ताकि युवा गांव में ही पढ़ सके। वहीं, हमारी सरकार ने युवाओं को विदेशी भाषाएं सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए एमओयू किए हैं, ताकि प्रदेश के युवा को देश-दुनिया में रोजगार के भरपूर अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि युवा काम के प्रति सच्ची लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। युवा मन लगाकर कार्य करें, मंजिल उनके कदमों में होगी। उनके सपनों को पूरा करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवा शक्ति सही दिशा में आगे बढ़ती है तो देश नई ऊंचाइयों को छूता है।

## राजस्थान निकाय चुनाव के बाद सियासी घमासान, गहलोत के आरोपों पर BJP ने दिया करारा जवाब

**ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान में निकाय चुनाव होने के बाद नए पार्षदों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भाजपा पर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को राज्य के गृह मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने खारिज कर दिया है। गहलोत ने आरोप लगाए हैं कि दो-दो करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया गया है, जिसे जवाहर सिंह ने बेबुनियाद बताया है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का अशोक गहलोत के आरोपों पर कहना है कि कांग्रेस अपनी बाड़ेबंदी और हॉर्स ट्रेडिंग की संस्कृति भाजपा पर थोपती है, उसे बंद करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाए कि साल 2020 में गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए खुद विधायकों की बाड़ेबंदी की थी। इसके साथ ही उन्होंने बीएसपी विधायकों के समर्थन का भी जिक्र किया है। जवाहर सिंह बेढम का कहना है कि भाजपा के बोर्ड जनता के जनादेश और समर्थन से बन रहे हैं। नोटों की वजह से नहीं बन रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अशोक गहलोत की सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार और जल जीवन मिशन में घोटाले हुए थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'भजनलाल शर्मा की सरकार ने भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मामलों में कड़ी कार्रवाई की है।' उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी फूट अब खुलकर जनता के सामने आ रही है।

## नेपाल और भारत ने बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण से लेकर व्यापार और कनेक्टिविटी पर की चर्चा

**ज़ूम न्यूज़**

नई दिल्ली। नेपाल और भारत ने विकास सहयोग को लेकर गुरुवार को व्यापक चर्चा की, जिसमें बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया। दोनों देशों ने अपनी लंबे समय से चली आ रही आर्थिक साझेदारी को और मजबूत एवं व्यापक बनाने की प्रतिबद्धता जताई। वित्त मंत्रालय ने एक एक्स पोस्ट में बताया कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नई दिल्ली में नेपाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वागले से मुलाकात की। इस दौरान, दोनों मंत्रियों ने बाढ़ के असर और नेपाल में पुनर्निर्माण व पुनर्वास से जुड़ी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। पोस्ट में मंत्रालय ने बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण ने नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और नेपाल के उबरने और पुनर्निर्माण के प्रयासों में भारत के निरंतर समर्थन का भरोसा दिलाया। वहीं, डॉ. वागले ने भारत के समर्थन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री का धन्यवाद किया और भारत द्वारा दी गई मदद की सराहना की, जिसमें राहत सामग्री और बचाव व राहत कार्यों के लिए तकनीकी सहायता शामिल थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने आयोग के फैसले पर उठाए सवाल

**ज़ूम न्यूज़**

नई दिल्ली। शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह 'धनुष-बाण' पर अधिकार को लेकर उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को अहम बहस हुई। सुनवाई में एकनाथ शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने चुनाव आयोग के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि पार्टी के सांसदों, विधायकों, संगठनात्मक इकाइयों और कार्यकर्ताओं का बहुमत शिंदे गुट के साथ है, इसलिए चुनाव आयोग का फैसला सही था। कौल ने अदालत को बताया कि शिवसेना के 18 सांसदों में से 13 सांसद शिंदे गुट के साथ थे। इसके अलावा विधायकों का बहुमत भी उनके पक्ष में था। उन्होंने कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं के समर्थन से जुड़े शपथपत्र चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर विचार करने के बाद आयोग ने धनुष-बाण चुनाव चिन्ह और पार्टी पर अधिकार संबंधी फैसला सुनाया था। नीरज किशन कौल ने दलील दी कि शिंदे गुट के विधायकों और सांसदों के खिलाफ लंबित या पूर्व में चली अयोग्यता की कार्यवाही का चुनाव चिन्ह विवाद से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोग्यता याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं और पिछली विधानसभा भी अपना कार्यकाल पूरा कर चुकी है। अब नई विधानसभा का गठन हो चुका है। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग को अयोग्यता संबंधी मामलों के अंतिम निपटारे तक इंतजार करना पड़े, तो ऐसे विवादों का समाधान अनिश्चितकाल तक टल सकता है।

## यूपीआई चार्ज पर सरकार और विपक्ष के बीच नई बहस, वित्त कमेटी के प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के अलग-अलग रिएक्शन



**ज़ूम न्यूज़**

नई दिल्ली। यूपीआई के लेनदेन पर केंद्र सरकार की तरफ से लगाए गए चार्ज को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। इस मामले में एक बार फिर कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई है। अब यह मामला वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति तक चला गया है। इस कमेटी में हुई इस मामले की चर्चा पर सरकार और विपक्ष की तरफ से अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। इस चर्चा पर कांग्रेस ने दावा करते हुए कहा कि स्थायी समिति ने इस मामले में चर्चा नहीं की थी। पार्टी ने आगे बताया कि ज्यादातर व्यापारियों को दो हजार रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर बैंकों और पेमेंट प्रोसेसर को यह चार्ज देना होगा। सरकार ने स्थायी समिति की चर्चा को लेकर कहा कि कमेटी ने MDR स्ट्रक्चर की सिफारिश की थी, लेकिन उस दौरान कांग्रेस ने असहमति नहीं जताई थी और अब विरोध किया जा रहा है। सरकार ने बताया कि रिपोर्ट पारित होने के दौरान कांग्रेस के पांच सांसद पी. चिदंबरम, मनीष तिवारी, गौरव गोगोई, किशोरी लाल और के. गोपीनाथ उपस्थित थे। लेकिन उन्होंने कोई असहमति दर्ज नहीं कराई थी। वित्त समिति के पूर्व सदस्य और कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने बताया कि कमेटी की तरफ से कोई भी इस मामले में प्रस्ताव नहीं लिया गया था। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कमेटी के सदस्यों से उनकी मुलाकात हुई थी। उस दौरान उन्होंने यूपीआई टैक्स से जुड़ा कोई खास प्रस्ताव समिति के सामने पेश नहीं किया था। गौरव गोगोई ने बताया, 'वित्त मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने उस यूपीआई टैक्स प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की है, जिसकी घोषणा मोदी सरकार ने हाल ही में की है। जब वित्त विभाग के अधिकारी वित्त समिति के सदस्यों से मिले, तो उनके पास यूपीआई टैक्स पर कोई खास प्रस्ताव नहीं था।' उन्होंने आगे दावा करते हुए कहा, 'समिति के सदस्यों ने एमडीआर की जरूरत पर सवाल उठाए थे, लेकिन चर्चा के दौरान सरकारी प्रतिनिधियों ने कोई खास या संतोषजनक जवाब नहीं दिया। मैं फिर से कहता हूं कि हालिया यूपीआई टैक्स नीतियां छोटे भारतीय व्यापारियों, वेंडर्स और उद्यमियों को नुकसान पहुंचाएंगी और बड़ी अमेरिकी कंपनियों को फायदा पहुंचाएंगी।' विवाद का एक प्रमुख हिस्सा मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) से जुड़ा है। MDR वह शुल्क है जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले कारोबारियों से लेनदेन की प्रक्रिया में संबंधित पक्षों द्वारा लिया जा सकता है।

# संपादकीय

## प्रयागराज-गांधीग्राम स्पेशल अब साबरमती तक चलेगी

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

बीकानेर। गांधीग्राम स्टेशन पर प्लेटफार्म कार्य के चलते प्रयागराज-गांधीग्राम-प्रयागराज द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन अब प्रयागराज-साबरमती-प्रयागराज के रूप में किया जाएगा। अन्य बूथों पर भी मतदाताओं ने पुनर्मतदान में भाग लिया। जोधपुर, कोटा और सुकेत के संबंधित बूथों पर भी पुनर्मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारी पूरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04179 प्रयागराज-साबरमती 3 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को शाम 4 बजे प्रयागराज से रवाना होकर बुधवार एवं शनिवार को दोपहर 3.40 बजे साबरमती पहुंचेगी। वापसी में साबरमती-प्रयागराज स्पेशल 4 अक्टूबर से 29 नवंबर तक निर्धारित दिनों में संचालित होगी। फतेहपुर से मेहसाणा के बीच ट्रेन का संचालन समय पूर्व निर्धारित प्रयागराज-गांधीग्राम स्पेशल के अनुसार ही रहेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन के संशोधित मार्ग और समय की जानकारी जरूर जांच लें। गांधीग्राम स्टेशन पर प्लेटफार्म से जुड़े कार्य के कारण ट्रेन के टर्मिनल में बदलाव किया गया है, जबकि फतेहपुर से मेहसाणा के बीच संचालन समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रयागराज से चलने वाली स्पेशल रेलसेवा अब गांधीग्राम के बजाय साबरमती तक जाएगी। इससे यात्रियों को साबरमती तक सीधे रेल कनेक्टिविटी मिल सकेगी और आगे की यात्रा के लिए साबरमती स्टेशन से अन्य ट्रेनों या परिवहन साधनों का उपयोग किया जा सकता है। यह स्पेशल रेलसेवा 3 अक्टूबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को प्रयागराज से संचालित होगी। वापसी सेवा साबरमती से 4 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक निर्धारित दिनों में चलेगी।

## नगर निगम जयपुर की कार्रवाई, 2 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल गेट नं. 2, 3 व ट्रोमा सेन्टर के सामने, धनवन्तरी के सामने, जेके लोन से त्रिमूर्ति सर्किल से गणेश मन्दिर के सामने, ओटीएस चैराहा के दोनों ओर, उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल गेट नं. 2, 3 व ट्रोमा सेन्टर के सामने, धनवन्तरी के सामने, जेके लोन से त्रिमूर्ति सर्किल से गणेश मन्दिर के सामने, ओटीएस चैराहा के दोनों ओर, जेएलएन मार्ग, कनोडिया कॉलेज के सामने, श्याम मन्दिर के पास रोड़ नंबर 5, नेशनल हैण्डलूम विद्याधर नगर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

# सरदारशहर कच्चा बस स्टैंड मामले में हाईकोर्ट का अहम आदेश, लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर को बनाया पक्षकार

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

जोधपुर। सरदारशहर कच्चा बस स्टैंड मामले से जुड़ी रिट याचिका में राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर की ओर से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार करते हुए उसे मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 15 सितंबर 2026 को न्यायमूर्ति मुन्नुरी लक्ष्मण एवं न्यायमूर्ति चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ के समक्ष हुई। मामला डी.बी. सिविल रिट पिटीशन संख्या 19780/2026 से जुड़ा है।

आवेदक ने स्वयं को लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर बताते हुए आशंका जताई कि वर्तमान रिट याचिका के चलते नगर परिषद की ओर से लाइसेंस होने के बावजूद उसे भी हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। उसने अपने हितों को ध्यान में रखते हुए रिट याचिका में पक्षकार बनाए जाने की मांग की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं जताई। खंडपीठ ने आवेदक की आशंका को वाजिब मानते हुए आवेदन स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को संशोधित कॉज टाइटल दाखिल करने के निर्देश दिए हैं और जवाब, यदि कोई हो, अगली तारीख तक दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर 2026 को होगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर भी न्यायिक कार्यवाही का हिस्सा बन गया है। हालांकि, 15 सितंबर के आदेश में न्यायालय ने वेंडर को हटाने या न हटाने के संबंध में कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है। आगामी सुनवाई में अब वेंडर का पक्ष भी न्यायालय के समक्ष रखा जा सकेगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामले की आगामी सुनवाई में लाइसेंसधारी स्ट्रीट वेंडर को भी अपनी स्थिति और हितों से जुड़े तथ्य न्यायालय के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा। वेंडर की ओर से प्रस्तुत आवेदन में मुख्य चिंता यह जताई गई थी कि रिट याचिका में पारित होने वाले किसी आदेश का प्रभाव उसके वैध लाइसेंस और व्यवसाय पर भी पड़ सकता है।



## चार निर्दलीय भाजपा के साथ आए, अब 29 का दावा

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

सरदारशहर। नगर परिषद सभापति चुनाव से पहले भाजपा ने चार निर्दलीय पार्षदों के समर्थन का दावा किया है। भाजपा के अनुसार कविता स्वामी, कविता कंवर, शिवभगवान बागड़ी और सुशीला विकास राकसीया ने पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर भाजपा की विचारधारा और विकास-सुशासन के संकल्प में विश्वास जताते हुए सभापति चुनाव में समर्थन देने की बात कही। नगर परिषद चुनाव में भाजपा के 25, कांग्रेस के 22 और 8 निर्दलीय पार्षद चुने गए थे। चार निर्दलीयों के समर्थन के दावे के बाद भाजपा के साथ 29 पार्षदों का आंकड़ा बनता है, जबकि सभापति चुनाव में बहुमत के लिए 28 पार्षदों की जरूरत है। हालांकि मतदान तक समर्थन कायम रहता है या नहीं, यह चुनाव के दिन स्पष्ट होगा। इधर, भाजपा के सामने बागी उम्मीदवारों की चुनौती भी है।



## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सतत पोषण शिक्षा सत्र आयोजित

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

जयपुर। 17 सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के अवसर पर कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के कम्युनिटी एंड एप्लाइड साइंस विभाग द्वारा सतत पोषण शिक्षा सत्र आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं में संतुलित आहार, प्रोटीन-ग्रहण तथा बाल्यावस्था पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन के प्रति जागरूकता विकसित करना था। यह कार्यक्रम निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा चतुर्वेदी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विषय-पृष्ठभूमि प्रस्तुत की और छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली एवं पोषण को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। प्रथम सत्र में डॉ. स्वाति व्यास, सह-आचार्य, गृह विज्ञान विभाग, आई.आई.एस. (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने "प्रोटीन ऑन योर प्लेट क्या यह पर्याप्त है?" विषय पर व्याख्यान दिया।

## नशा विवेक से अविवेक की ओर ले जाता है, जीवन का नाश करता है-राज्यपाल

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नशा विवेक से अविवेक की ओर ले जाता है। यह व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि जीवन को नाश की ओर ले जाता है, इसलिए इससे बचने और सभी को बचाने का हम सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने विश्वविद्यालय स्थापना दिवस को युवा शक्ति के विकास केंद्रित करते हुए कृषि क्षेत्र में विश्वविद्यालय को अग्रणी बनाने का आह्वान किया है। राज्यपाल गुरुवार को जोबनेर स्थित श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस और नशामुक्त भारत अभियान में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन की बधाई देते हुए नशामुक्त समाज के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने पानी की बचत के लिए उसे सहेजने पर भी जोर दिया। उन्होंने लॉर्ड मैकाले द्वारा गुलामी से जुड़ी शिक्षा के प्रसार और और तत्कालीन विषम परिस्थितियों की भी चर्चा की। बागडे ने कहा कि उन्होंने लोकभवन में नशामुक्त भारत की विशेष रूप से बैठक ली थी। इसमें यह तय किया गया कि नशामुक्त अभियान सरकारी नहीं, समाज का अपना सामूहिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जाना हुआ है।



## कल्पना संगीत विद्यालय में 19 सितंबर को होगा जुगल महोत्सव

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। कल्पना संगीत विद्यालय की ओर से 19 सितंबर को किशनपोल स्थित विद्यालय परिसर में जुगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गायन, वादन एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। संगीत विद्यालय के आलोक भट्ट ने बताया कि जुगल महोत्सव में राजस्थान के संगीत क्षेत्र के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पंडित हरिहर शरण भट्ट को सितार, प्रवीण आर्य को पखावज, महेंद्र डांगी को तबला तथा अब्दुल रशीद को क्लेरिनेट वादन के लिए सम्मानित किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की समृद्ध परंपरा को मंच प्रदान करने के साथ संगीत क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों का सम्मान करना है। संगीत प्रेमियों के लिए यह समारोह शास्त्रीय गायन एवं वादन की विविध प्रस्तुतियों का अवसर होगा। महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं की झलक देखने को मिलेगी। गायन, सितार, तबला, पखावज और क्लेरिनेट वादन के माध्यम से कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को भारतीय संगीत की पारंपरिक विधाओं से जोड़ने में मदद मिलती है।

## उदयपुर संभाग से आदिवासी स्कूल ठीक करो अभियान का आगाज

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने राजस्थान के सुदूर जनजातीय अंचलों में सरकारी शिक्षण व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर करने के लिए एक नए चरण का बिगुल फूंक दिया है। जयपुर स्थित पीयूसीएल (PUCL) कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष रांका ने 'आदिवासी स्कूल ठीक करो कैंपेन' की विधिवत घोषणा की। अभियान की शुरुआत शुक्रवार से उदयपुर संभाग के आदिवासी बाहुल्य जिलों से की जाएगी, जिसे बाद में देश के अन्य आदिवासी राज्यों तक विस्तारित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व संगठन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'आशीर्वाद का दीया' भी प्रज्वलित किया गया। राज्य सरकार द्वारा स्कूलों-कॉलेजों में एक माह तक 'आशीर्वाद का दीया' जलाने के निर्देश पर तंज कसते हुए रांका ने कहाः

दीया जलाकर दिखाएंगे आईनाः संगठन के कार्यकर्ता आदिवासी अंचलों के बदहाल स्कूलों में जाकर दीया जलाएंगे, ताकि सरकार को इन उपेक्षित इमारतों और सुविधाओं की याद आए।

पिटने को भी तैयारः उन्होंने तीखे लहजे में कहा कि यदि व्यवस्था मारपीट या टकराव के बाद ही स्कूलों की स्थिति सुधारने को तैयार है, तो संगठन के कार्यकर्ता इसके लिए भी पीछे नहीं हटेंगे।

राजस्थान के फोकस जिलेः अभियान के पहले चरण में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, झालावाड़, सिरोही, और बारां-अंता के आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों का दौरा किया जाएगा।

दस्तावेजीकरण (Documentation): कक्षाओं की स्थिति, जर्जर छतें, शिक्षकों की कमी, पेयजल, शौचालय और बुनियादी ढांचे का डिजिटल और दस्तावेजी रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

राष्ट्रीय विस्तारः राजस्थान के बाद गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर (नॉर्थ-ईस्ट) के राज्यों में भी इस अभियान को ले जाया जाएगा।

मूलभूत सवालों की उपेक्षाः उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के आठ दशक बाद भी यदि राज्य की राजधानी तक में बच्चों को तबेले या असुरक्षित परिसरों में बैठना पड़े, तो यह नीतिगत विफलता है। सीजेपी के चुनावी राजनीति में उतरने के सवाल पर उन्होंने फिलहाल किसी चुनावी इरादे से इनकार करते हुए कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य शिक्षा व्यवस्था और स्कूलों की भौतिक स्थिति में सुधार लाना है।

## ममता की नई गोद, नई पहचान के रूप में मिला नया नाम 'नरेन्द्र'

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

झालावाड़। जिला प्रशासन के प्रयासों से एक नन्हे बालक को आज नया परिवार, नई पहचान और सुरक्षित भविष्य मिला। जिला कलक्टर (अध्यक्ष बाल संरक्षण ईकाई) अजय सिंह राठौड़ द्वारा मिनी सचिवालय में गुरुवार को निर्धारित विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए 3 माह के बालक को संबंधित दत्तक माता-पिता को गोद देकर नये परिवार का सदस्य बनाया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने बालक का नामकरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उसका नाम ''नरेन्द्र'' रखा। बालक का नया नाम पाकर दत्तक माता-पिता बेहत खुश हुए। दरअसल, जून माह में 17 दिन का यह बालक मनोहरथाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर टनटोकरी के पास मिला था।

## मंत्री के घर के सामने कथित अवैध पाइल्स क्लीनिक सीज, लाइसेंस नहीं मिला

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

बीकानेर। सादुलगंज इलाके में मंत्री के घर के सामने संचालित जनता पाइल्स क्लीनिक पर गुरुवार को पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। मरीज के परिजनों की शिकायत के बाद टीम मौके पर पहुंची। जांच में क्लीनिक संचालकों की ओर से चिकित्सा संचालन संबंधी वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की बात सामने आई। जॉइंट डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र चौधरी और सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध सहित अधिकारियों ने क्लीनिक के दस्तावेजों और चिकित्सा गतिविधियों की जांच की। अधिकारियों के अनुसार चिकित्सकों के जवाब भी संतोषजनक नहीं मिले। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। क्लीनिक में आयुर्वेदिक उपचार का दावा किया जा रहा था, जबकि मरीजों को एलोपैथी दवाएं लिखे जाने की बात सामने आई है। कुछ मरीजों के परिजनों ने उपचार के बाद तबीयत बिगड़ने के आरोप भी लगाए हैं, जिनकी पुष्टि जांच के बाद होगी। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक में उपलब्ध दवाओं, मरीजों से संबंधित रिकॉर्ड और उपचार से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की। अधिकारियों ने क्लीनिक संचालकों से चिकित्सा सेवाएं संचालित करने की अनुमति और संबंधित पंजीयन के दस्तावेज मांगे, लेकिन तत्काल कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की बात सामने आई। एलोपैथी दवाओं के इस्तेमाल से जुड़े मामले में भी विभाग अब यह जांच करेगा कि दवाएं किसके द्वारा और किस आधार पर मरीजों को लिखी गई थीं। इसके लिए उपलब्ध पर्चियों, दवाओं और अन्य रिकॉर्ड को जांच में शामिल किया जा सकता है। आयुर्वेदिक उपचार के नाम पर किसी अन्य पद्धति की चिकित्सा किए जाने की शिकायत की भी नियमानुसार जांच होगी। मरीजों के परिजनों की ओर से उपचार के बाद तबीयत बिगड़ने के लगाए गए आरोपों को भी स्वास्थ्य विभाग गंभीरता से जांचेगा। हालांकि फिलहाल इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। क्लीनिक सीज किए जाने के बाद वहां चिकित्सा गतिविधियां रोक दी गई हैं।




## भादवी जागरण में 23 बालिकाओं का सम्मान, शिक्षा के लिए आगे बढ़ने का आह्वान

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

चूरू। मुनीमजी की ढाणी स्थित श्री देवनारायण भगवान मंदिर में भादवी के छठे अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भव्य जागरण एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों और भक्ति संगीत का आनंद लिया। लिखमाराम लोहमरोड़ स्मृति ट्रस्ट की ओर से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन और सामाजिक कुरीतियों के निवारण के उद्देश्य से सम्मान समारोह हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही 23 बालिकाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और उन्हें शिक्षा के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को जोड़ने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक प्रयास का आह्वान किया गया। रतनलाल लोहमरोड़ ने मंदिर के पुजारी देवीसिंह मणकस को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भगवानाराम डोई, गिरधारी लाल नून, माणकचंद डोई, संजय डोई, पंकज जिनड़, मोनिका छावड़ी, दिनेश डोई, अनवर अली लुहार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

संचालन डीएसपी रामचन्द्र गुर्जर ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में देर रात तक धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जागरण में प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और मंदिर परिसर में जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।



## विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित हुए रक्तदान शिविर, 5,850 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गायत्री राठौड़ ने कहा कि विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। प्रदेश में आयोजित 203 रक्तदान शिविरों में 5,850 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लिया तथा 5,921 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इन शिविरों में आमजन, युवाओं, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। राठौड़ ने कहा कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में रक्तदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जन सेवा अभियान के माध्यम से प्रदेश में जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रक्तदान बेहद जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति, प्रसूता, थैलेसीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि जयपुर में जिला कलेक्टर संदेश नायक तथा अलवर में जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने स्वयं रक्तदान कर आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। दोनों अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। प्रमुख शासन सचिव ने रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, चिकित्सा संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों तथा रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभागीदारी से इस प्रकार के अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही नागरिकों को रक्त समूह जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



# राजस्थान/ प्रादेशिक

## राजस्व मंडल को मजबूत, आधुनिक एवं सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध




**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

अजमेर। राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि पिछले सात दशक से राजस्व मंडल राजस्थान की न्याय व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राजस्व न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सरल एवं लोकोन्मुख बनाने में बेंच और बार दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के शासन मॉडल मेंराजस्व मंडल का विशेष स्थान है तथा सरकार इसे मजबूत, आधुनिक एवं सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास गुरूवार को अजमेर में राजस्व बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व कानून एवं राजस्व प्रशासन उनके प्रशासनिक सेवा जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। राजस्व अदालतों में अदालती कार्यवाही का समय निश्चित एवं अनुमानित हो, निर्णय समय पर लिखे जाएं तथा जिला कलेक्टरों द्वारा प्रभावी निगरानी की जाए।

## उदयपुर मेयर चुनाव में घमासान : भाजपा को सता रहा क्रॉस वोटिंग का डर

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

उदयपुर। उदयपुर नगर निगम में महापौर (मेयर) चुनाव के नामांकन के बाद अब राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। 21 सितंबर को मेयर पद के लिए होने वाली वोटिंग के बाद 22 सितंबर को डिप्टी मेयर (उपमहापौर) के लिए नामांकन और मतदान की प्रक्रिया होगी। भाजपा में मेयर पद के लिए पारस सिंघवी का नाम तय होने के बाद पार्टी के भीतर असंतोष का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बीच, बाड़ेबंदी के दौरान अचानक तबियत बिगड़ने से पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट की शुगर और ब्लड प्रेशर (BP) बढ़ गया, जिसके बाद उन्हें रिसॉर्ट से निजी अस्पताल ले जाना पड़ा।

दिनेश भट्टः ब्राह्मण समाज का बड़ा चेहरा हैं और पूर्व जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, मेयर पद की दौड़ से बाहर होने के बाद अब वे डिप्टी मेयर बनने का मन बना रहे हैं।

परिजनों का विरोधः बुधवार शाम को सामर के बेटे और भट्ट के बेटे व पत्नी ने बाड़ेबंदी वाले रिसॉर्ट पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

## मंढा मदनी स्कूल में 48 छात्राओं की एनीमिया स्क्रीनिंग, पोषण और बचाव के बताए तरीके

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

मंढा मदनी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंढा मदनी में गुरुवार को आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत एनीमिया (खून की कमी) स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय की 48 छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच कर एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंढा मदनी में पदस्थ डॉ. शेरे सिकन्दर खान एवं कम्पाउंडर ओमप्रकाश मीणा ने किया। इस दौरान छात्राओं को एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई। शिविर में छात्राओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, उचित भोजन और पोषण के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही हीमोग्लोबिनोमीटर के माध्यम से हीमोग्लोबिन जांच की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्राओं को एनीमिया की पहचान और उससे बचाव के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार गुप्ता के साथ शकुंतला चौधरी, रीना मीणा एवं सुमन देवी उपस्थित रहीं। विद्यालय स्टाफ ने स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में एनीमिया की समय पर पहचान, रोकथाम, पोषण संबंधी जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। शिविर के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्राओं को बताया कि एनीमिया की समय पर पहचान होने से इसके कारणों पर आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। छात्राओं को नियमित और संतुलित भोजन के साथ आयरन, फोलेट और अन्य जरूरी पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करने की जानकारी दी गई। हीमोग्लोबिन जांच की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्राओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहा। इससे उन्हें स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया को समझने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का अवसर मिला।



## राजाखेड़ा में कांग्रेस की अंजली बघेल और भाजपा की पूनम में

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

राजाखेड़ा। राजाखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजाखेड़ा में बुधवार को भाजपा व कांग्रेस के नामांकन के बाद सियासी गतिविधियां तेज हो गई।

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से वार्ड संख्या 28 की पार्षद पूनम सोनी पत्नी विष्णु सोनी तथा कांग्रेस की ओर से वार्ड संख्या 6 की पार्षद अंजली बघेल पत्नी ज्ञान सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही अध्यक्ष पद का सीधा चुनावी मुकाबला स्पष्ट हो गया है। हालांकि आंकड़े स्पष्ट तौर पर कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रहे हैं। नगर पालिका के 35 वार्डों में निर्वाचित पार्षदों के दलगत आंकड़ों के अनुसार कांग्रेस के 23, भाजपा के 9, निर्दलीय 2 और बसपा का एक पार्षद है।



## बयाना में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बयाना। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ बयाना की ओर से मंडल मुख्यालय भरतपुर के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय बयाना में राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन 15 से 18 सितंबर तक किया जा रहा है। शिविर में 30 स्काउट, 20 गाइड, 14 रोवर और 23 रेंजर सहित कुल 87 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट-गाइड के नियम, इतिहास, ध्वज, गांठें, मैप, दिशा ज्ञान, कम्पास, फर्स्ट एड, ट्रूप स्कोप सहित राज्य पुरस्कार से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण शिविर में मुरारी लाल शर्मा, वीरेंद्र वशिष्ठ, हरिओम धाकड़, चन्द्र प्रकाश गुप्ता,वनैसिंह मीणा, केशव सिंह, सहदेव मीणा, पुरुषोत्तम दत्तात्रेय, मनीषा देशमा,रुबीदेवी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## जल-वीरों के सम्मान से बढ़ेगा आपदा के समय सहयोग का भाव

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

झालावाड़। जिले में 10 एवं 11 अगस्त, 2026 को हुई भारी बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आमजन की सहायता करने वाले 26 नागरिकों को 'जल-वीर' सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्होंने जलभराव के दौरान प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में प्रशासन का सहयोग किया।

## नवनिर्मित पुलिया के दोनों ओर सर्विस रोड़ पर अतिक्रमण हटाया

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

सीकर। जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार नवनिर्मित पुलिया के दोनों ओर सर्विस रोड पर चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई गुरुवार को नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी एवं यूआईटी के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र कुमार यादव के निर्देशानुसार नगर परिषद सीकर, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगर विकास न्यास की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर पुलिया के दोनों साइड सर्विस रोड पर पूर्व में चिन्हित किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की।

कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अनिरुद्ध देव पांडे, नगर परिषद के राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता विकाश मिश्रा, पीडब्ल्यूडी एक्स एईएन प्रकाश चंद, टीआई मनोज भाटीवाड़, सहायक अभियंता अशोक कुमार बिजारणीय, दामोदर प्रसाद, जेईएन निधि, जेईएन सुरेन्द्र भास्कर, मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज कुमार, प्रवर्तन दस्ता, उद्योग नगर थाना पुलिस जाब्ता सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यवाही के दौरान निर्माणकर्ताओं ने प्रशासन का सहयोग किया।











## दौसा में विकसित भारत जन सेवा अभियान : जिलेभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन, कुल 80 यूनिट रक्त एकत्र

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

दौसा। 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के तहत गुरुवार को दौसा जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिलाभर में आयोजित इन शिविरों में आमजन और युवाओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए कुल 80 यूनिट रक्तदान किया।

जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय (जिला अस्पताल) में आयोजित मुख्य रक्तदान शिविर का भव्य उद्घाटन फिल्म निर्देशक प्रमोद आर्य, अंतरराष्ट्रीय धावक गोरधन मीणा तथा राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी व सिल्वर मेडलिस्ट आरती मीणा ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) डॉ. सीताराम मीणा और जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (PMO) डॉ. आर.के. मीणा विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रमोद आर्य (फिल्म निर्देशक): उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा किया गया रक्तदान किस जरूरतमंद के काम आएगा, यह उन्हें खुद भी पता नहीं होता, लेकिन आपात स्थिति में यही रक्त किसी का जीवन बचा लेता है।

गोरधन मीणा (अंतरराष्ट्रीय धावक): उन्होंने जोर देते हुए कहा कि "रक्त की हर एक बूंद बेहद कीमती है। इसे व्यर्थ गंवाने के बजाय सही समय पर रक्तदान कर सामाजिक सरोकार निभाना चाहिए।"

आरती मीणा (राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी): उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। देश सेवा केवल सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि रक्तदान के माध्यम से भी की जा सकती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

डॉ. सीताराम मीणा (CMHO): उन्होंने कहा कि रक्तदान को एक आजीवन अभियान के रूप में अपनाया जाना चाहिए। नियमित अंतराल पर रक्तदान करने से न केवल मरीजों की जान बचती है, बल्कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता बढ़ती है।

डॉ. आर.के. मीणा (PMO): उन्होंने भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि मानव शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। रक्तदान के तुरंत बाद शरीर में नए रक्त का निर्माण शुरू हो जाता है।

## एसीएस राजेश यादव ने समग्र शिक्षा, पीएम श्री और VSK की प्रगति की समीक्षा

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। स्कूल शिक्षा विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को संकुल स्थित सभागार में समग्र शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों, व्यावसायिक एवं गुणवत्ता शिक्षा,पीएम श्री एवं विद्या समीक्षा केंद्र (VSK) से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक रश्मि शर्मा,अतिरिक्त परियोजना निदेशक सहित समसा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समग्र शिक्षा के विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

## फोर्टिस हॉस्पिटल में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती; हुआ भव्य गायत्री यज्ञ



**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। जयपुर स्थित फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल में 'सृष्टि के प्रथम शिल्पी' भगवान विश्वकर्मा की जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर अस्पताल परिसर में गायत्री वेदना निवारण केंद्र, मानसरोवर (जयपुर) के सानिध्य में एक भव्य गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का संपूर्ण धार्मिक विधान केंद्र के श्री दिवाकर शर्मा और श्री अशोक गोयल द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न कराया गया। यज्ञ के दौरान व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिवाकर शर्मा ने विश्वकर्मा पूजन के आध्यात्मिक और व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के हाथों में सुशोभित चार मुख्य प्रतीकों की गूढ़ व्याख्या की:

पुस्तकः ज्ञान, निरंतर सीखने और कार्य की रूपरेखा तैयार करने का प्रतीक।

पैमाना (मापदंड): सटीकता, अनुशासन और सही संतुलन का प्रतीक।

जलपात्रः पवित्रता, संवेदनशीलता और विचारों की स्वच्छता का प्रतीक।

सूत्र (धागा): संगठन को एक सूत्र में पिरोने और एकाग्रता का प्रतीक।

उन्होंने बताया कि कैसे इंजीनियरिंग और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग इन प्रतीकों के सही उपयोग और सही दृष्टिकोण से अपने कार्यक्षेत्र में सृजनशीलता व दक्षता को बढ़ा सकते हैं।

धार्मिक अनुष्ठान के तहत इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख श्री राजीव कुलश्रेष्ठ ने गुरु सत्ता, माता गायत्री और भगवान विश्वकर्मा का विधि-विधान एवं षोडशोपचार से पूजन-अर्चन किया। यज्ञ में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और भगवान विश्वकर्मा के विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गईं। इस दौरान अस्पताल में उपचार के दौरान कालकवलित हुए दिवंगत मरीजों की आत्मा की शांति के लिए भी विशेष आहुतियां देकर प्रार्थना की गई। इस आध्यात्मिक आयोजन में इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों सहित फोर्टिस अस्पताल के निदेशक डॉ. मनीष अग्रवाल ने मुख्य रूप से शिरकत की। उनके अलावा विभिन्न विभागों के प्रमुखों, जिनमें फाइनेंस कंट्रोलर श्री रवि राज शर्मा, एफएंडबी (F&B) व हाउसकीपिंग प्रमुख श्री नवरंग पुजारी और चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर (CSO) श्री नवीन वाजपेई शामिल थे, ने भी यज्ञ में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने भी भाग लिया।

## जिला कलक्टर देशलदान ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पारड़ा चुंडावत का किया निरीक्षण

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

डूंगरपुर। जिला कलक्टर देशलदान ने गुरुवार को उपखंड क्षेत्र साबला में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पारड़ा चुंडावत का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य से छात्राओं के नामांकन, कार्यरत विषय अध्यापकों एवं अन्य कार्मिकों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने छात्रावास स्थित भोजनशाला का निरीक्षण करते हुए भोजन की व्यवस्था, निर्धारित मेन्यू एवं भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भोजन कर रही छात्राओं से छात्रावास में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता तथा अल्पाहार एवं भोजन समय पर मिलने के संबंध में संवाद कर फीडबैक लिया।

छात्राओं ने जिला कलक्टर को बताया कि छात्रावास में उपलब्ध करवाई जा रही व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं तथा उन्हें निर्धारित समय पर अल्पाहार एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलक्टर ने छात्रावास परिसर के चारों ओर निर्मित चारदीवारी के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय एवं छात्रावास में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार साबला उज्ज्वल जैन, विकास अधिकारी पंचायत समिति साबला, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के संस्था प्रधान, छात्रावास अधीक्षक एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।




## विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत गुरुवार को जिला राजकीय चिकित्सालय श्रीगंगानगर सहित विभिन्न स्थलों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदान जनजागरूकता कार्यकमों का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से युवाओं को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने युवाओं के नाम वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में पर्याप्त रक्त उपलब्ध रहेगा तो दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी और आपातकालीन परिस्थितियों में अनेक लोगों की जान बचाई जा सकेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन सुभाष कुमार ने भी युवाओं एवं आमजन के नाम वीडियो संदेश जारी किया। आयोजित रक्तदान शिविरों में युवाओं, नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के साथ-साथ जिले के विभिन्न नर्सिंग एवं स्वास्थ्य शिक्षण संस्थानों में सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान के वैज्ञानिक तथ्यों, पात्रता, सुरक्षा एवं नियमित रक्तदान से जुड़े भ्रमों के संबंध में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।



## मनोरंजन समाचार

# ‘महाकाव्य श्री रामायण कथा’ में अंजलि अरोड़ा-देव शर्मा बने सीता-राम, कौन हैं हनुमान और रावण?

‘महाकाव्य श्री रामायण कथा’ का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज होते ही कई वजह से चर्चा में आ गया है और इसकी कास्ट भी लाइमलाइट में बनी हुई है। गुरुवार 17 अक्टूबर 2026 को रिलीज हुए इस ट्रेलर को दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है, जहां कुछ लोग फिल्म की तुलना ‘आदिपुरुष’ से कर रहे हैं तो वहीं गिने-चुने दर्शक इसकी कास्ट को लेकर बात कर रहे हैं। एक तरफ नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी ‘रामायण’ में रणबीर कपूर राम के रोल में, साई पल्लवी सीता के रोल में और यश रावण के रोल में नजर आएंगे। वहीं ‘महाकाव्य श्री रामायण कथा’ के ट्रेलर में सीता-राम से लेकर रावण तक कई अहम किरदारों का भी दमदार लुक देखने को मिला। अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बनी ‘महाकाव्य श्री रामायण कथा’ में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का किरदार निभाया है, जो कच्चा बादाम गर्ल के नाम से मशहूर हैं। वह कंगना रनौत के रियलिटी शो ‘लॉक अप’ में नजर आईं, जिसकी अंजिल दूसरी रनर-अप थीं।



’महाकाव्य श्री रामायण कथा’ में देव शर्मा ने भगवान राम का रोल प्ले किया है, जिन्होंने 2014 में फिल्म ‘यारियां’ से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके बाद वे 2014 में ‘हीरोपंती’, 2017 में ‘मुजफ्फरनगर 2013’ में दिखाई दिए और ‘आ भी जा ओ पिया’ में कौशल का किरदार निभाकर चर्चा में आए। इस फिल्म के ट्रेलर में सिर्फ सीता-राम का ही नहीं, बल्कि रावण का किरदार भी देखने को मिला। ‘महाकाव्य श्री रामायण कथा’ में रावण का रोल रजनीश दुग्गल ने निभाया है। वे दर्शकों के बीच फिल्म ‘1920’ और रियलिटी शो ‘खतरों के खिलाड़ी’ जीतने के लिए जाना जाता है। उन्होंने साल 2003 में ‘ग्रासिम मिस्टर इंडिया’ का खिताब जीता है। ’महाकाव्य श्री रामायण कथा’ में शील वर्मा ने भगवान राम के भाई लक्ष्मण का किरदार निभाया है। एक्टर ‘कभी कभी इत्तिफाक से’, ‘ससुराल सिमर का 2’ और ‘श्री रामायण कथा’ जैसे टीवी शो में नजर आए हैं। ’महाकाव्य श्री रामायण कथा’ के हनुमान निर्भय वाधवा हैं। वे एक बेहतरीन एक्टर हैं, जो पौराणिक और ऐतिहासिक किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं।

वह स्टार प्लस के ‘महाभारत’ में दिखे थे, जहां उन्होंने दुशासन का नेगेटिव रोल किया था। ट्रेलर में फिल्म के अन्य प्रमुख किरदारों की झलक भी देखने को मिली है, जिसके चलते दर्शकों के बीच इसकी कास्ट और किरदारों को लेकर चर्चा बढ़ी है। खास तौर पर रजनीश दुग्गल का रावण अवतार और निर्भय वाधवा का हनुमान किरदार ध्यान खींच रहा है। पौराणिक भूमिकाओं का अनुभव रखने वाले कलाकारों की मौजूदगी फिल्म के इस पक्ष को मजबूत करती नजर आ रही है। फिल्म की कहानी रामायण के प्रमुख प्रसंगों पर आधारित है, इसलिए दर्शकों की दिलचस्पी इस बात में भी है कि निर्माताओं ने कथा को किस तरह पर्दे पर प्रस्तुत किया है। ट्रेलर में युद्ध, वनवास और प्रमुख पात्रों से जुड़े प्रसंगों की झलक दिखाई गई है, जबकि कहानी के कई अहम हिस्सों को फिल्म के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## रसिका ने याद किया स्ट्रगल का दौर, कहा-2016 के बाद बदली किस्मत, ओटीटी ने दिलाई पहचान



मुंबई। अभिनेत्री रसिका दुग्गल हाल ही में नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो ‘डबल डेट’ में गई थीं। इस शो में उन्होंने करियर, स्ट्रगल, शादी और कॉलेज के दिनों के बारे में बात की। एपिसोड में नेहा धूपिया ने रसिका दुग्गल के कामों की तारीफ करते हुए कहा, “रसिका, तुम खुद एक जॉनर बन गई हो और यह कमाल की बात है।” बातचीत में रसिका दुग्गल ने उस पल के बारे में भी बताया जब उन्हें लगा कि इंडस्ट्री में अब उनकी जगह बन गई है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें सच में कब लगा कि वह इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, तो रसिका ने उस दौर को याद किया जब उनके काम में निरंतरता आने लगी थी। रसिका दुग्गल ने कहा, “जब से मेरे काम में निरंतरता आई, वह 2016-17 के बीच का समय था। मैं 2006 में एफटीआईआई से निकली थी, तो इसके पूरे 10 साल बाद ऐसा हुआ। बीच में भी ऐसे काम मिलते रहे, जिन्होंने मुझे हिम्मत दी और बनाए रखा लेकिन वे 2016 के बाद किए गए काम जितने चर्चित नहीं थे।” रसिका ने इस निरंतर दौर से पहले की कुछ फिल्मों को भी याद किया, जिनमें ‘किस्सा’ और ‘क्षय’ जैसी फिल्में शामिल थीं, जिन्होंने उन्हें इंडस्ट्री के बेहतरीन टैलेंट के साथ काम करने का मौका दिया। हालांकि, उन्होंने बताया कि 2016 के बाद के समय में बड़ा बदलाव आया, जब उन्हें लगातार कई प्रोजेक्ट मिलने लगे। भारतीय एक्शन क्राइम थ्रिलर फिल्म में रसिका दुग्गल बीना त्रिपाठी (कालीन भैया की पत्नी और मुन्ना की सौतेली मां) का किरदार निभाया है।

## लालबागचा राजा के दरबार में पहुंचे अनंत अंबानी, बप्पा के दर पर लिया आशीर्वाद



अंबानी परिवार की धार्मिक आस्था किसी से छिपी नहीं है। परिवार के हर सदस्य को अलग-अलग मौकों पर पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेते देखा जाता है। खासतौर पर गणेश उत्सव के दौरान अंबानी परिवार की भक्ति और भव्य आयोजन चर्चा में रहते हैं। अनंत अंबानी भी भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इस साल भी उन्होंने पत्नी राधिका मर्चेंट और परिवार के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया और पूरे उत्साह के साथ उत्सव मनाया। अब गणपति विसर्जन के बाद अनंत एक बार फिर बप्पा के दरबार में पहुंचे हैं। मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन के लिए अनंत अंबानी हाल ही में पहुंचे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच गणपति पंडाल की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। अनंत अपने काफिले के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने लाल रंग का कुर्ता पहना हुआ था। दर्शन के दौरान अनंत अंबानी ने बप्पा के चरणों में शीश झुकाया और आशीर्वाद लिया। उनकी भक्ति का यह अंदाज कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो देखने के बाद कई लोग अनंत की धार्मिक आस्था और उनके संस्कारों की तारीफ करते नजर आए। अनंत अंबानी हर साल गणेश चतुर्थी के मौके पर खास उत्साह के साथ बप्पा का स्वागत करते हैं। इस बार भी अंबानी परिवार ने घर पर भव्य गणपति उत्सव मनाया। अनंत और राधिका मर्चेंट के साथ परिवार के दूसरे सदस्य भी पूजा और सेलिब्रेशन में शामिल हुए। दो दिन तक चले उत्सव के बाद परिवार के सदस्य नाचते-गाते हुए गणपति विसर्जन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अनंत अंबानी का उत्साह भी देखने लायक था। गणपति बप्पा की विदाई के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आए थे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर बॉलीवुड सितारों ने ऐसे दी बधाई



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला जारी रहा। इस बीच अजय देवगन से लेकर अनिल कपूर, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती और टाइगर श्रॉफ तक कई कलाकारों ने अपने-अपने अंदाज में पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। किसी ने उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की, तो किसी ने पोस्ट में जरूरतमंद लोगों की मदद की अपील की। अभिनेत्री और मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, “हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। आइए, उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें।”

# रोहित रॉय के ‘डस्टबिन मीडियम’ वाले बयान से चाहत खन्ना सहमत, बोलीं- ‘कहानी और क्रिएटिविटी में टीवी कहीं नहीं’

एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने टीवी इंडस्ट्री को लेकर चल रही बहस के बीच रोहित रॉय के हालिया विवादित बयान पर अपनी राय रखी है। रोहित ने अपने एक इंटरव्यू में टीवी को ‘डस्टबिन मीडियम’ तक कह दिया था और मौजूदा टीवी कंटेंट की क्वालिटी, कॉन्सेप्ट और क्रिएटिविटी पर सवाल उठाए थे। अब चाहत खन्ना ने भी माना है कि अगर बात कहानी और क्रिएटिविटी की हो तो टीवी इस समय फिल्मों और ओटीटी से काफी पीछे है। हालांकि, चाहत ने यह भी साफ किया कि उन्होंने रोहित का पूरा इंटरव्यू नहीं देखा है, इसलिए वह उनके पूरे बयान पर कमेंट नहीं करना चाहतीं। आईएएनएस से खास बातचीत में चाहत ने कहा, ''मैं खुद टीवी से आई हूं और इस माध्यम की बहुत इज्जत करती हूं। टीवी ने मुझे एक एक्टर के तौर पर मजबूत बनाया है। यहां एक्टर्स को लंबे समय तक लगातार शूटिंग करनी पड़ती है। कई बार 12 से 15 घंटे तक शूट करना सामान्य बात लगती है। फिल्मों में काम करने का तरीका अलग है और वहां क्रिएटिविटी को अलग तरह से ट्रीट किया जाता है। वहीं ओटीटी में भी कहानी की डिटेलिंग और क्रिएटिविटी का तरीका टीवी से काफी अलग है।'' एक्ट्रेस ने रोहित रॉय की बात के उस हिस्से से सहमति जताई, जिसमें उन्होंने टीवी के मौजूदा कॉन्सेप्ट और क्रिएटिविटी पर सवाल उठाए थे। चाहत ने कहा, ''अगर कहानी और क्रिएटिविटी की बात की जाए तो टीवी को अभी काफी आगे जाने की जरूरत है। टीवी का कंटेंट मास ऑडियंस को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। दर्शक जिस तरह की कहानियां और शोज देखना चाहते हैं, मेकर्स भी उसी डिमांड के हिसाब से कंटेंट बनाते हैं। यह पूरी तरह बिजनेस का हिस्सा है। अगर किसी तरह का कंटेंट बड़ी संख्या में लोग देख रहे हैं, तो उसे बार-बार बनाए जाने के पीछे एक मार्केट डिमांड भी होती है।'' चाहत ने अपने करियर का उदाहरण देते हुए बताया, ''मुझे कई ऐसे टीवी शोज के ऑफर मिलते हैं, जिनसे मैं खुद कनेक्ट नहीं कर पाती। खासतौर पर ‘नागिन’ जैसे शोज, जिनसे मैं जुड़ नहीं पाती। अगर कोई एक्टर क्रिएटिव है तो उसके लिए टीवी के कुछ मौजूदा कॉन्सेप्ट से जुड़ना मुश्किल हो सकता है।'' चाहत ने आगे कहा, ''अगर मैं ऐसे प्रोजेक्ट्स से जुड़ पाती तो शायद करियर के लिए चीजें और बेहतर होती। जो चीज मुझे पसंद आती है और जिससे मैं खुद जुड़ाव महसूस करती हूं, वही काम करना मेरे लिए ज्यादा जरूरी है।'' गौरतलब है कि रोहित रॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में टीवी और फिल्मों के बीच के फर्क पर बात की थी। टीवी के पॉपुलर चेहरों में शामिल रहे रोहित ने कहा था कि मौजूदा समय में टीवी पर आने वाला काफी कंटेंट जल्दी भुला दिया जाता है और कई शोज में एक जैसे कॉन्सेप्ट दोहराए जाते हैं। उन्होंने टीवी को ‘डस्टबिन मीडियम’ बताते हुए इसकी क्रिएटिविटी पर सवाल उठाया था। चाहत खन्ना की टिप्पणी के बाद टीवी इंडस्ट्री में कंटेंट की गुणवत्ता को लेकर चल रही बहस एक बार फिर चर्चा में आ गई है। हालांकि उन्होंने रोहित रॉय के पूरे इंटरव्यू को नहीं देखने की बात कही और उनके पूरे बयान पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने अपनी बात को मुख्य रूप से टीवी के मौजूदा कंटेंट और कहानी कहने के तरीके तक सीमित रखा। चाहत के मुताबिक टीवी की सबसे बड़ी ताकत उसका व्यापक दर्शक वर्ग है। रोजाना प्रसारित होने वाले धारावाहिकों और लंबे समय तक चलने वाले शोज के कारण निर्माताओं को दर्शकों की पसंद और बाजार की मांग को ध्यान में रखना पड़ता है। इसी वजह से किसी लोकप्रिय फॉर्मेट या कॉन्सेप्ट के दोहराए जाने की संभावना भी बनी रहती है। वहीं, टीवी कलाकारों के काम करने के तरीके को लेकर उन्होंने कहा कि लंबे शूटिंग शेड्यूल इस माध्यम की बड़ी चुनौती हैं। लगातार कई घंटे काम करने के बावजूद कलाकारों को अपने किरदारों और शूटिंग की गति के साथ तालमेल बनाए रखना पड़ता है। उनके अनुसार, फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में काम करने की प्रक्रिया और रचनात्मक स्वतंत्रता का तरीका अलग हो सकता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग विषयों और सीमित एपिसोड वाली कहानियों को जगह मिलने से कहानी और प्रस्तुति के नए प्रयोग भी देखने को मिल रहे हैं।



## मैथली ठाकुर की आवाज के फैन हैं अनंत और ईशा अंबानी, गणपति पूजा में बांधे सिंगर की तारीफों के पुल



मुंबई में अंबानी परिवार का गणेश उत्सव हर साल की तरह इस बार भी खास रहा। एंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए परिवार के सदस्यों के साथ फिल्म इंडस्ट्री और कई जानी-मानी हस्तियां पहुंचीं। इसी बीच इस भव्य समारोह में युवा गायिका और बिहार की विधायक मैथिली ठाकुर की मौजूदगी ने भी ध्यान खींचा। हालांकि, इस बार चर्चा सिर्फ उनके अंबानी परिवार से मिलने की नहीं, बल्कि उस खास बातचीत की हो रही है, जिसमें अनंत अंबानी और ईशा अंबानी ने मैथिली की गायकी की खुलकर तारीफ की। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ मैथिली की बातचीत का यह अंदाज लोगों को पसंद आ रहा है। मैथिली ठाकुर गणेश चतुर्थी के मौके पर मुंबई पहुंचीं और अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में शामिल हुईं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर मुंबई यात्रा और समारोह से जुड़ी कुछ तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए। एंटीलिया में आयोजित इस जश्न में गणपति बप्पा का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में परिवार के करीबी लोग, फिल्मी सितारे और अन्य मेहमान शामिल हुए। मैथिली की मुलाकात नीता अंबानी से भी हुई, जिन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

## मैं बिहार की बेटी हूं..., बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर अक्षरा सिंह ने बांटी राहत सामग्री



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह इन दिनों बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करने को लेकर चर्चा में हैं। बिहार में बाढ़ का असर लगातार कई इलाकों में देखने को मिल रहा है और ऐसे में अक्षरा सिंह ने प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर हालात को करीब से देखा और राहत सामग्री बांटी। अक्षरा ने अपने दौरे के दौरान खास तौर पर महिलाओं की परेशानियों का जिक्र किया और कहा कि एक महिला होने के नाते महिलाओं के लिए जो भी मदद उन्हें जरूरी लगी, उन्होंने अपनी तरफ से करने की कोशिश की। अक्षरा सिंह ने अपने हालिया दौरे के बारे में कहा, “महिलाओं को बाढ़ के दौरान बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मैं खुद प्रभावित इलाके में गई थीं और वहां के हालात को अपनी आंखों से देखा। महिलाओं के लिए जो छोटी-मोटी मदद संभव थी, मैंने अपनी तरफ से करने की कोशिश की। मैं चाहती हूं कि भगवान मुझे आगे और काबिल बनाए, ताकि मैं लोगों के लिए इससे ज्यादा काम कर सकूं।” उन्होंने अपने बिहार से जुड़ाव को भी इस मदद की बड़ी वजह बताया। अभिनेत्री ने कहा, “मैं बिहार की बेटी हूं और इसलिए लोगों के मुश्किल समय में उनके साथ खड़ा होना मेरी जिम्मेदारी है। मुझे जो पहचान, नाम और मुकाम मिला है, उसमें बिहार के लोगों का बड़ा योगदान है।” बिहार में इस समय बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के कई जिलों में गंगा, गंडक, कोसी और दूसरी नदियों का पानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं और कई लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों या राहत शिविरों में जाना पड़ा है। अक्षरा सिंह के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में भोजपुरी फिल्म ‘सत्यमेव जयते’ से अभिनय की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रवि किशन नजर आए थे और यहीं से भोजपुरी सिनेमा में उनके सफर की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने ‘प्राण जाए पर वचन न जाए’, ‘बलमा बिहार वाला’, ‘प्रतिज्ञा 2’, ‘सत्या’, ‘तबादला’, ‘सरकार राज’ और ‘मां तुझे सलाम’ जैसी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए। अक्षरा सिंह ने भोजपुरी सिनेमा के अलावा हिंदी टेलीविजन में भी काम किया है।

## सार समाचार

### फिजी में HIV संक्रमण बढ़ा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित



सुवा। प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश फिजी में एचआईवी संक्रमण दर तेजी से बढ़ रही है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया गया है। देश में संक्रमण की स्थिति गंभीर होने के बीच सरकार ने रोकथाम, जांच और उपचार के प्रयासों को तेज करने का फैसला किया है।

फिजी में एचआईवी संक्रमण के मामलों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2025 में देश में एचआईवी के 2,016 नए मामले सामने आए, जबकि 2024 में यह संख्या 1,583 थी। यानी एक साल में नए मामलों में करीब 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। फिजी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री डॉ. राटु एटोनियो लालाबालावु ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा करते हुए कहा कि संक्रमण की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए तत्काल और समन्वित कदम उठाने की जरूरत है। एफबीसी न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिजी में एचआईवी संक्रमण बढ़ने के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें असुरक्षित यौन संबंध, नशीली दवाओं को इंजेक्शन के जरिए लेने के दौरान संक्रमित सुइयों का इस्तेमाल, एचआईवी की कम जांच और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच शामिल हैं। देश में मेथामफेटामाइन जैसी नशीली दवाओं के इस्तेमाल में वृद्धि को लेकर भी चिंता जताई गई है। अधिकारियों के अनुसार, इंजेक्शन के जरिए नशीली दवाओं का इस्तेमाल करने वाले लोगों के बीच संक्रमण फैलने का जोखिम अधिक है।

### 'आपके योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता', PM मोदी के जन्मदिन पर पुतिन ने भेजा खास संदेश



मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें बधाई दी है। रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को मजबूत करने में उनके व्यक्तिगत योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। रूसी दूतावास ने गुरुवार को X पर पुतिन का संदेश साझा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आज यानी 17 सितंबर को धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुतिन ने भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत सार्थक, स्पष्ट और रचनात्मक रही। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रूस द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे।

### नाइजीरिया में जहरीले पेय से हड़कंप, मेथनॉल मिला ड्रिंक पीने से 48 की मौत, 100 लोग अस्पताल में भर्ती



नाइजीरिया के ओंडो राज्य में एक स्थानीय पेय का सेवन करने से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। 100 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओंडो पुलिस के प्रवक्ता अबायोमी जिमोह ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 15 लोगों में से एक व्यक्ति ऐसे पेय का उत्पादन कर रहा था। उन्होंने कहा कि पेय में 'मेथनॉल होने का संदेह है और आरोपी फिलहाल जांच में पुलिस की मदद कर रहा है।' राज्य के स्वास्थ्य आयुक्त बांजी अजाका ने बताया कि हाल के दिनों में ओंडो के ओडिग्बो और इरेले क्षेत्रों में इस पेय का सेवन करने के बाद 100 से अधिक अन्य लोग बीमार हो गए हैं। ओंडो राज्य के स्वास्थ्य आयुक्त बंजी अजका ने बताया कि ये मामले ओडिगबो और इरेले स्थानीय सरकारी क्षेत्रों में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कुल 182 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, 'यह सब बहुत तेजी से हुआ। सेवन करने के बाद मात्रा के आधार पर गुर्दे खराब हो जाएंगे, आंखें काम करना बंद कर देंगी, मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो जाएगा।'

उन्होंने आगे कहा कि तरल पदार्थ का सेवन करने के बाद बीमार हुए कुछ लोगों को बाद में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

ओन्डो राज्य पुलिस के प्रवक्ता अबायोमी जिमोह ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 15 लोगों में से एक व्यक्ति "मेथनॉल युक्त पेय पदार्थ" का उत्पादन कर रहा था और वर्तमान में पुलिस को जांच में सहयोग कर रहा है।

## रूस NATO देशों पर ड्रोन-रॉकेट से कर सकता है हमला! पोलैंड के PM टस्क ने दी बड़ी चेतावनी



वारसॉ। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने रूस को लेकर बड़ा दावा किया है। टस्क ने चेतावनी दी है कि रूस यूक्रेन का समर्थन करने वाले यूरोपीय देशों, खासकर NATO के पूर्वी हिस्से में स्थित देशों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस ड्रोन या रॉकेट के जरिए ऐसे हमले कर सकता है और बाद में इन्हें 'दुर्घटना' बताकर NATO की प्रतिक्रिया को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। पोलिश संसद में गुरुवार को दिए भाषण में टस्क ने कहा कि रूस का मकसद NATO देशों को इस स्थिति में डालना हो सकता है कि वे अपने किसी सदस्य की मदद के लिए तुरंत आगे आने से हिचकिचाएं। उन्होंने कहा, 'असली खतरा इस बात का है कि ड्रोन या मिसाइल जैसे हथियार NATO के पूर्वी हिस्से के एक या कई देशों में घुस सकते हैं और वहां नुकसान पहुंचा सकते हैं।' टस्क के मुताबिक, रूस की ओर से इसके बाद आधिकारिक तौर पर कहा जा सकता है कि यह सब गलती से हुआ और NATO के पास जवाब देने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी रणनीति का उद्देश्य NATO देशों को पंगु बनाना या कम से कम किसी हमले का सामना कर रहे सदस्य की मदद करने का उनका उत्साह कमजोर करना हो सकता है। टस्क ने कहा कि रूस इसलिए भी ज्यादा खतरनाक हो रहा है क्योंकि वह अब तेजी से जेट इंजन वाले ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे ड्रोन ज्यादा ऊंचाई और ज्यादा रफ्तार से उड़ सकते हैं, इसलिए एयर डिफेंस सिस्टम के लिए उन्हें लक्ष्य तक पहुंचने से पहले पहचानना मुश्किल हो जाता है। टस्क पिछले कई महीनों से यह चेतावनी देते रहे हैं कि रूस किसी NATO देश के खिलाफ बड़ा हाइब्रिड हमला कर सकता है। उनका कहना है कि NATO, यूक्रेन और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों, जिसमें CIA भी शामिल है, से मिली जानकारी के बाद उनकी चेतावनियां सटीक लग रही हैं। टस्क के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर ऐसी 4 घटनाएं हुई हैं।

## अमेरिका में ट्रेनिंग के दौरान F-16 फाइटर जेट क्रैश, VIDEO आया सामने; खाली कराया गया इलाका



इस वक्त की बड़ी खबर अमेरिका के मिशिगन से सामने आ रही है। यहां मिशिगन की ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी में रेगुलर ट्रेनिंग उड़ान के दौरान टेक्सास एयर नेशनल गार्ड का एक F-16 फाइटर जेट क्रैश हो गया। CBS न्यूज के मुताबिक हादसे के बाद पायलट सुरक्षित रूप से जेट से बाहर निकल गया। हालांकि पायलट को चोटें आई हैं। बाद में उसकी हालत स्थिर बताई गई। बता दें कि टेक्सास नेशनल गार्ड की 149वीं फाइटर विंग द्वारा संचालित यह विमान, अल्पेना में एयर नेशनल गार्ड के कॉम्बैट रेडीनेस ट्रेनिंग सेंटर से ट्रेनिंग मिशन पर था, तभी यह घटना हुई। दरअसल, टेक्सास मिलिट्री डिपार्टमेंट ने पुष्टि की कि गुरुवार को दोपहर में F-16 फाइटिंग फाल्कन एक हादसे का शिकार हो गया है। हालांकि उन्होंने तुरंत यह जानकारी नहीं दी कि यह हादसा किस वजह से हुआ। उन्होंने बताया कि पायलट विमान से बाहर निकल गया और उसे इलाज के लिए ले जाया गया। 149वीं फाइटर विंग के प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल पायलट की हालत स्थिर है। ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी शेरिफ ऑफिस की मदद कर रही मिशिगन स्टेट पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी और के घायल होने की कोई खबर नहीं है। वहीं 'द हिल' के अनुसार, मिशिगन स्टेट पुलिस ने क्रैश वाली जगह के एक मील के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि क्रैश होने के बाद विमान से खतरनाक केमिकल लीक होने का खतरा था। इससे पहले स्थानीय लोगों को अपनी जगह पर ही रहने और खिड़कियां-दरवाजे बंद रखने के निर्देश दिए गए थे। फिलहाल फाइटर जेट काउंटी रोड 633 और ब्लेयर टाउनहॉल रोड के पास क्रैश हुआ। अधिकारियों ने घटनास्थल के आसपास की सड़कें बंद कर दी हैं और निवासियों व वाहन चालकों से उस इलाके से दूर रहने को कहा है, ताकि इमरजेंसी टीमें अपना काम कर सकें। 'द हिल' की रिपोर्ट के अनुसार, एयर ट्रैफिक कंट्रोल के ऑडियो से संकेत मिलता है कि F-16 के गिरने से कुछ समय पहले शायद किसी पक्षी से टकराने की घटना हुई थी। हालांकि, मिलिट्री अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान किसी पक्षी से टकराया था। अधिकारियों ने क्रैश की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को सुरक्षित करने पर प्राथमिकता दी है। इमरजेंसी टीमें मौके पर मौजूद रहकर स्थिति का आकलन कर रही हैं और आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

## रूस से तेल खरीदने वालों पर लगेगा 100 प्रतिशत टैरिफ? प्रतिबंध वाले बिल पर साइन कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप



अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने एक बिल पास किया है जिसमें प्रेसिडेंट ट्रंप को उन देशों पर 100 परसेंट तक टैरिफ लगाने का हक मिल जाएगा जो रूस से तेल और गैस खरीदते हैं। इनमें चीन और टर्की के साथ साथ भारत का भी नाम है। लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 अब ट्रंप की टेबल पर है। जैसे ही ट्रंप इस पर साइन करेंगे...तो उन्हें चीन और भारत समेत दस देशों पर टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा। अब व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबंध संबंधी बिल पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी संसद ने रूस पर नये प्रतिबंध लगाने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब ये बिल अमेरिकी प्रेजिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के पास जाएगा। ट्रंप जैसे ही इस बिल पर साइन करेंगे उन्हें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की ताकत मिल जाएगी। अमेरिकी सीनेटर जीन शहीन ने कहा कि ये तो सिर्फ शुरुआत है। देखते जाइए। पुतिन को बातचीत की टेबल पर आना पड़ेगा, यूक्रेन के साथ जंग खत्म करनी होगी। हालांकि, बिल पास होने के बाद अमेरिका के सीनेटर्स का फोकस रूस, ईरान और चीन पर ही था। बता दें कि भारत ने भी गुरुवार को इस बिल पर बयान जारी किया है और अमेरिका को सीधा जवाब दिया है कि भारत अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी सांसद माइकल मकॉल ने कहा कि जो अमेरिका की बात नहीं मानेगा, अमेरिकी सेंक्शन्स को तोड़ेगा, रूस से बिजनेस करेगा, ऐसे मुल्कों को अमेरिका का गुस्सा झेलना होगा।

## इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को जन्मदिन की दी बधाई



रोम। इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेलोनी के अलावा इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बधाई देते हुए पीएम मोदी को शुभकामनाएं दीं। दूतावास ने X पर एक पोस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात की एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की। दुनिया के कई नेताओं ने भी प्रधानमंत्री को बधाई मैसेज भेजा है। जार्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी की अच्छी सेहत, ऊर्जा और सफलता की कामना की और इटली और भारत के बीच मज़बूत होती दोस्ती पर ज़ोर दिया। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में मेलोनी ने कहा कि इटली और भारत सहयोग और समृद्धि की दिशा में मिलकर काम करते हुए अपनी दोस्ती के गहरे बंधन को मज़बूत कर रहे हैं। वहीं, दिल्ली में रूसी दूतावास ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए एक संदेश भेजा है। मैसेज में कुछ इस तरह लिखा हैः 'आप सही मायने में अपने देशवासियों का गहरा सम्मान और वैश्विक मंच पर बड़ा रुतबा रखते हैं। भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में आपके व्यक्तिगत योगदान को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता'," । अपने संदेश में, पुतिन ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान उन्हें और रूसी प्रतिनिधिमंडल को मिले गर्मजोशी भरे स्वागत और मेहमाननवाज़ी के लिए भी आभार व्यक्त किया। रूसी राष्ट्रपति और दुनिया के कई अन्य नेताओं ने 12 और 13 सितंबर को भारत की अध्यक्षता में यहां आयोजित 18वें ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। वहीं, डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने भी मोदी को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।"

## इजरायली पीएम नेतन्याहू ने ईरानी सरकार गिराने और हमास को खत्म करने का किया ऐलान

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि इजरायल ईरान की सरकार को गिरा देगा, हमास को खत्म कर देगा और हिजबुल्लाह के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगा। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पीएम नेतन्याहू ने इजरायल की घरेलू सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक समारोह में कहा, "हम हमास को खत्म कर देंगे और सबसे पहले हम ईरान में शासन को हराएंगे। हम उनकी सरकार गिरा देंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध शुरू हुए लगभग तीन साल हो चुके हैं और अब भी इजरायल का एक लक्ष्य 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के नेतृत्व में हुए हमले में शामिल फिलिस्तीनियों की तलाश जारी रखना है। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, "कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।" 6 सितंबर को पीएम नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान में शासन का अंत निकट है और वह अपनी जान बचाने के लिए लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक और मिशन पूरा करना बाकी है। इजरायली पीएम ने ये टिप्पणियां सरकार की बैठक के दौरान रोश हशनाह टोस्ट के दौरान कीं। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा, "हम रोश हशनाह के मौके पर हैं और आज इजरायल का हित सबसे ऊपर है। इस टेबल पर हमने जो समझदारी भरे और साहसिक फैसले लिए, हमारे जवानों की बहादुरी और हमारे लोगों के हौसले की बदौलत हमने बड़ी कामयाबियां हासिल की हैं। इजरायल आज पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है और हमारे दुश्मन पहले से ज्यादा कमजोर।

## भारत से पंगा लेना पड़ा भारी, पाकिस्तान ने टक्कर के लिए गलत युद्धपोत PNS Hunain चुन लिया था?



अरब सागर में मंगलवार (15 सितंबर 2026) को जब पाकिस्तान के PNS Hunain भारतीय नौसेना के Kolkata class ship से टकरा गया, जिसमें पाकिस्तानी युद्धपोत का काफी नुकसान पहुंच है। पाकिस्तान के युद्धपोत PNS हुनैइन की ताकत की बात करें तो 2,600 टन का ऑफशोर पेट्रोल वेसल (समुद्र में गश्त करने वाला जहाज़) है, वहीं भारत का कोलकाता क्लास शिप सबसे ताकतवर और आधुनिक युद्धपोतों में से एक है और इसका वज़न PNS हुनैइन से लगभग तीन गुना यानी 7,400 टन ज़्यादा है। इससे खुलासा हुआ कि पाकिस्तान ने भारत से पंगा लेने का तो सोचा लेकिन पंगा लेने के लिए उसने गलत जहाज़ चुना। पाकिस्तानी की गलती से उसके जहाज़ PNS Hunain के नुकसान की बात करें तो उसके अगले हिस्से में ज़बरदस्त टक्कर का निशान बन गया और उसे मरम्मत के लिए बंदरगाह लौटना पड़ा, जबकि भारतीय डिस्ट्रॉयर अपने ऑपरेशनल मिशन पर आगे बढ़ता रहा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय युद्धपोत को कोई ढांचागत नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि कोलकाता क्लास शिप भारतीय नौसेना के सबसे बड़े फ्रंटलाइन जहाज़ों में से एक है। अरब सागर में हुई इस टक्कर से दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा हो गया है और दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को तलब किया है। भारत ने कहा कि भारतीय युद्धपोत उत्तरी अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर था, तभी पाकिस्तानी जहाज़ ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान का कहना है कि उसका युद्धपोत PNS हुनैइन, पाकिस्तान नौसेना के 'सी स्पार्क' अभ्यास के तहत उस इलाके में मौजूद था।

## यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई, ड्रोन हमले में रूस की ऑयल रिफाइनरी को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली। रूस के आक्रामक हमलों के जवाब में यूक्रेन भी जवाबी कार्रवाई को अंजाम देने में लगा हुआ है। क्षेत्र के गवर्नर मिखाइल येवरायेव के अनुसार, यूक्रेन के ड्रोन हमले में मध्य रूस के यारोस्लाव्ल क्षेत्र में एक ऑयल रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा है। रूसी समाचार एजेंसी 'टास' की रिपोर्ट के अनुसार, गवर्नर मिखाइल येवरायेव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हमले की जानकारी दी। उनके अनुसार, मध्य रूस के यारोस्लाव्ल क्षेत्र में एक ड्रोन हमले के दौरान एक ऑयल रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, "दुश्मन के बड़े ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया गया।

कुल 65 ड्रोन मार गिराए गए हैं। किसी की मौत या घायल होने की कोई खबर नहीं है।" टास के अनुसार, उन्होंने बताया कि एक तेल रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा है। वहां लगी आग को बुझाने का काम जारी है। गिराए गए ड्रोन के मलबे के गिरने से कई अपार्टमेंट, इमारतों की खिड़कियां भी टूट गईं और कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। फिलहाल क्षेत्र में किसी तरह की ड्रोन चेतावनी लागू नहीं है। उन्होंने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और राहत एवं मरम्मत का काम जारी है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर किए गए जवाबी ड्रोन हमले की सफलता के लिए अपने सैनिकों का आभार जताया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मैं हमारे उन योद्धाओं का धन्यवाद करता हूं, जो हर दिन रूस को युद्ध का असर महसूस करा रहे हैं।"

# खेल समाचार

## फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप: भारत 'ग्रुप-के' में बहरीन, कैमरून, ग्रेनेडा, लाओस और सेनेगल के साथ

नई दिल्ली। भारत को अक्टूबर में बाकू में होने वाले पहले फीफा अंडर-15 विश्व कप के ग्रुप-के में बहरीन, कैमरून, ग्रेनेडा, लाओस और सेनेगल के साथ रखा गया है। भारत की अंडर-15 पुरुष टीम बाकू के होवसन कॉम्पिटिशन कॉम्प्लेक्स में क्वालिफिकेशन स्टेज में तीन दिनों में पांच मैच खेलेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को लाओस के खिलाफ करेगा। अगले दिन, वे दो मैच खेलेंगे - पहले कैमरून का सामना करेंगे और फिर ग्रेनाडा से भिड़ेंगे। सभी मैच पिच 1बी पर खेले जाएंगे। भारत 26 अक्टूबर को एक और डबल-हेडर के साथ क्वालिफिकेशन स्टेज पूरा करेगा। वे पिच 9ए पर बहरीन का सामना करेंगे और फिर पिच 8ए पर सेनेगल से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में फीफा के सभी सदस्य संघ हिस्सा ले सकते हैं, इसलिए 191 राष्ट्रीय टीमों को '32 ग्रुप' में बांटा गया है। 6 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 20 पिचों पर कुल 943 मैच खेले जाएंगे। फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप और फेस्टिवल के मैच 8 बनाम 8 फॉर्मेट में खेले जाएंगे, जिसमें 20-20 मिनट के दो हाफ होंगे और बीच में पांच मिनट का हाफ-टाइम ब्रेक होगा। पिच का साइज 68 मीटर गुणा 50 मीटर होगा और पूरे मैच के दौरान रोलिंग सब्स्टिट्यूशन की अनुमति होगी।

## वनडे टीम से बाहर लाबुशेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी, 'वनडे कप' में क्वींसलैंड के कप्तान बने



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को अफ्रीकी दौरे पर वनडे टीम से हटाए जाने के बाद 'वनडे कप' में क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त गया है। लाबुशेन को जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के विरुद्ध वनडे सीरीज के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन खराब फॉर्म के बावजूद बाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें टीम में बनाए रखा गया। टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों के साउथ अफ्रीका टेस्ट के लिए रवाना होने से पहले, वह शनिवार को विक्टोरिया और अगले सोमवार को न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबलों में टीम की कप्तानी करेंगे। यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सभी फॉर्मेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है; उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय शतक तीन साल से भी ज्यादा समय पहले लगाया था। टेस्ट क्रिकेट में उनकी जगह पर काफी समय से सवाल उठ रहे हैं। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग भी उनकी जगह पर सवाल खड़े कर चुके हैं। लाबुशेन ने एशेज 2023 के बाद से कोई टेस्ट शतक नहीं लगाया है; तब से उनका औसत 25.43 रहा है। अपनी आलोचना पर बात करते हुए लाबुशेन ने कहा कि वह दोबारा रन बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। लाबुशेन ने '7 न्यूज' से कहा, "बतौर खिलाड़ी आलोचना आप खुद बुलाते हैं, क्योंकि यह प्रदर्शन पर आधारित होती है।

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, 'एशियन गेम्स 2026' में हिस्सा नहीं ले पाएंगी मुनीबा अली



नई दिल्ली। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की विकेटकीपर-बल्लेबाज मुनीबा अली स्वदेश वापस लौट गई हैं और वह एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। मुनीबा थाईलैंड के खिलाफ खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं रही थीं। 'क्रिकइंफो' की खबर के अनुसार, मुनीबा की मां बीमार हैं और इसी कारण उन्हें टीम का साथ छोड़कर पाकिस्तान वापस लौटना पड़ा है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनकी जगह पर किसी भी खिलाड़ी के नाम का ऐलान नहीं किया है। मुनीबा की गैरमौजूदगी में गुल फिरोजा विकेटकीपर की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में फिरोजा बतौर विकेटकीपर मैदान पर उतरी थीं। इसके साथ ही उन्होंने शेवार जुल्फिकार के साथ पारी का आगाज भी किया था। मुनीबा का बाहर होना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। मुनीबा पाकिस्तान टीम की सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं और एशिया कप में टीम की ओर से अर्धशतक लगाने वाली एकमात्र बल्लेबाज थीं। जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ हुई बाइलेटरल टी20 इंटरनेशनल सीरीज में भी उन्होंने टीम की कप्तानी की थी, क्योंकि उस समय नियमित कप्तान फातिमा सना 'द विमेंस हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए यूके गई हुई थीं। पाकिस्तान ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। बारिश से प्रभावित मुकाबले में पाकिस्तान की टीम उलटफेर का शिकार होने से बाल-बाल बची। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बारिश के चलते 11 ओवर के मुकाबले में 4 विकेट खोकर 91 रन बनाए।

## 'शिद्दत से काम करो और दिल से चाहो तो कैसे नहीं होगा', मनीषा को एशियन गेम्स 2026 में दमदार प्रदर्शन का भरोसा



नई दिल्ली। भारतीय रेसलर मनीषा एशियन गेम्स 2026 में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनके सामने एक नई चुनौती है क्योंकि उन्होंने 62 किलोग्राम कैटेगरी से 57 किलोग्राम कैटेगरी में बदलाव किया है। इस बदलाव के दौरान उन्होंने अपनी ताकत और तकनीक को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया है, साथ ही दोनों तरह के स्टांस (मुद्रा) से रेसलिंग करने की काबिलियत विकसित करके अपने खेल में बड़ा बदलाव किया है। मनीषा ने कहा, "मैं पहले ज्यादातर दाईं ओर से खेलती थी, लेकिन अब मैंने बाईं ओर से भी खेलना शुरू कर दिया है। मैं दोनों स्टांस पर काम करने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मैं दोनों तरफ से खेलने में सहज महसूस करना चाहती हूं। मैं अपनी ताकत और तकनीक पर काम कर रही हूं, लेकिन सबसे जरूरी बात अपनी सोच बदलना और नई कैटेगरी के हिसाब से खुद को ढालना भी है।" मनीषा के लिए एशियन गेम्स का खास महत्व है, क्योंकि यह इन खेलों में उनकी पहली भागीदारी होगी। कुछ समय से भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद, उनका कहना है कि इतने बड़े स्तर के इवेंट में मुकाबला करने का मौका एक अलग तरह का उत्साह लाता है, जबकि उनका लक्ष्य सीधा है — मैट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना। उन्होंने आगे कहा, "मैं कुछ समय से भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हूं, लेकिन एशियन गेम्स भारत के लिए खास हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करना हर एथलीट का सपना होता है, इसलिए मैं थोड़ी उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरे पहले एशियन गेम्स हैं। मेरा लक्ष्य बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। मानसिक रूप से मैं तैयार हूं, बस अपनी गति बनाए हुए हूं और खुद को तैयार कर रही हूं।" रेसलिंग में मनीषा का सफर 2013 में शुरू हुआ, जब उनके पिता ने उन्हें फिट होने के लिए एक कैंप में भेजा। जो चीज उनकी फिटनेस को बेहतर बनाने के तरीके के तौर पर शुरू हुई थी, वह धीरे-धीरे कुछ और बन गई, क्योंकि उन्हें एहसास होने लगा कि वह इस खेल में अच्छा कर सकती हैं। शुरुआत में महसूस होने वाले दबाव और खुद पर शक की जगह अब अधिक मानसिक मजबूती ने ले ली है, खासकर 2021 के बाद से। मनीषा ने कहा, "जब मैंने शुरुआत की थी, तो मुझे दबाव महसूस हुआ था और शक भी था।

मगर 2021 के बाद से मैं मानसिक रूप से मजबूत हो गई हूं। जब मैं चोटिल हो जाती हूं और मुकाबला नहीं कर पाती, तब भी मुझे शक होता है, लेकिन मैं प्रैक्टिस करती रहती हूं। शिद्दत से काम करो और दिल से चाहो तो कैसे नहीं होगा।" मनीषा अपनी तैयारी का श्रेय भारतीय टीम के ट्रेनिंग कैंप को भी देती हैं, जहां का माहौल एथलीटों को एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे का बेस्ट बाहर लाने में मदद करता है। जापानी कोच कोसेई अकाइशी की मौजूदगी, जो आईआईएस में इस खेल के हेड कोच भी हैं, ने टीम की तैयारी को और बेहतर बनाया है; मनीषा को उनके तकनीकी सुझावों से 57 किलोग्राम कैटेगरी में ढलने में मदद मिली है। उन्हें 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट' (आईआईएस) से भी काफी सपोर्ट मिला है, जहां उन्होंने अपने करियर के लंबे समय तक ट्रेनिंग की है। उन्होंने कहा, "मैं काफी समय से आईआईएस के साथ जुड़ी हुई हूं और सभी ने मुझे बहुत सपोर्ट किया है। उन्होंने हर पहलू में मेरी मदद की है, और वह सपोर्ट मेरे लिए बहुत अहम रहा है।"

## डेविस कप: 'फाइनल-8' में जगह के लिए साउथ कोरिया से भिड़ेगा भारत




सोल। भारत शुक्रवार और शनिवार को 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में साउथ कोरिया का सामना करेगा। यह मुकाबले सोल के ओलंपिक टेनिस सेंटर में खेले जाएंगे। भारत की निगाहें डेविस कप के 'फाइनल 8' में जगह बनाने पर हैं। डेविस कप रैंकिंग में 19वें स्थान पर मौजूद भारत का मुकाबला साउथ कोरियाई टीम से होगा, जो उनसे तीन स्थान ऊपर 16वें नंबर पर है। यह मुकाबला हार्ड कोर्ट पर खेला जाना है और विजेता टीम नवंबर में इटली के बोलोग्ना में होने वाले 'फाइनल 8' में अपनी जगह पक्की करेगी। वर्ल्ड नंबर 367 खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश शुक्रवार को क्वोन सून-वू के खिलाफ शुरुआती सिंगल्स मैच से भारत के अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद, भारत के सबसे ऊंची रैंकिंग वाले सिंगल्स खिलाड़ी (247वें नंबर पर) सुमित नागल का मुकाबला पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमी-फाइनलिस्ट चुंग ह्योन से होगा। शनिवार को होने वाले डबल्स मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी और निकी कल्यांडा पूनाचा (क्रमशः 49वें और 88वें नंबर के खिलाड़ी) का सामना नाम जी-सुंग और पार्क उई-सुंग से होगा। पूनाचा को टीम में तब शामिल किया गया जब भारत के प्रमुख डबल्स खिलाड़ी युकी भांबरी को जांघ की चोट के कारण हटना पड़ा। रिवर्स सिंगल्स में नागल का मुकाबला क्वोन से हो सकता है, और उसके बाद सुरेश का सामना चुंग से हो सकता है, जो शायद निर्णायक पांचवां मैच हो। भारत फरवरी में बेंगलुरु में नीदरलैंड्स पर रोमांचक 3-2 की जीत के बाद सोल पहुंचा है। उस सफलता में सुरेश की अहम भूमिका थी; उन्होंने तीनों जीतों में हिस्सा लिया और निर्णायक पांचवां मैच जीता था। साउथ कोरिया ने भी बुसान में अर्जेंटीना को हराकर 3-2 से जीत हासिल की थी और आगे बढ़ा था। भारत ने साउथ कोरिया के खिलाफ अपने पिछले दो डेविस कप मुकाबले जीते हैं, जिसमें 2016 में चंडीगढ़ में मिली 4-1 की जीत भी शामिल है।

## बतौर हेड कोच क्लॉप ने पहली बार चुनी जर्मनी की टीम, 44 खिलाड़ियों को दी जगह



फ्रैंकफर्ट। जुर्गन क्लॉप ने जर्मनी की टीम के हेड कोच बनने के बाद अपने शुरुआती चार मैचों के लिए दो अलग-अलग स्क्वॉड का ऐलान किया है। जर्मनी को सितंबर और अक्टूबर में यूईएफए नेशंस लीग के तहत नीदरलैंड, ग्रीस और सर्बिया के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। क्लॉप ने जूलियन नागेल्समैन की जगह ली है, जिन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 से जर्मनी के जल्दी बाहर होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। 59 वर्षीय क्लॉप ने अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण वाली 44 खिलाड़ियों की टीम के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया है। इसके साथ ही, मैनुअल न्युअर के इंटरनेशनल फुटबॉल से दूसरी बार संन्यास लेने के बाद गोलकीपिंग विभाग में भी बदलाव किए गए हैं। पहली 24 खिलाड़ियों वाली टीम शुरुआती दो मैच खेलेगी, जो 24 सितंबर को एम्स्टर्डम में नीदरलैंड के खिलाफ (अवे मैच) और 27 सितंबर को ऑग्सबर्ग में ग्रीस के खिलाफ होने हैं। इसके बाद, 20 और खिलाड़ी टीम में शामिल होंगे जो 1 अक्टूबर को म्यूनिख में सर्बिया के खिलाफ और 4 अक्टूबर को थेसालोनिकी में ग्रीस के खिलाफ वापसी मैच (रिटर्न फिक्स्चर) खेलेंगे।

## भारत बनाम अफगानिस्तान: अभिषेक शर्मा ने मचाई तबाही, टी20 इंटरनेशनल में लगाया सबसे तेज शतक




नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा टी20 इंटरनेशनल मुकाबला अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। अभिषेक शर्मा ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया है। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में टेस्ट खेलने वाले देशों में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभिषेक ने तीसरे टी20 में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। अभिषेक फुल मेंबर देशों की तरफ से टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। अभिषेक ओवरऑल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में तीसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड साहिल चौहान के नाम है, जिन्होंने एस्टोनिया की तरफ से खेलते हुए साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों में शतक लगाया था। वहीं, तुर्की के बल्लेबाज मोहम्मद फहद ने बुल्गारिया के खिलाफ 29 गेंदों में शतक लगाया था। अभिषेक ने अपनी तूफानी पारी के दौरान खेली 34 गेंदों में 108 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के लगाए। इससे पहले, भारत की ओर से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था, जिन्होंने 2017 में 35 गेंदों में शतक लगाया था। अभिषेक शुरुआत से ही बेहतरीन लय में नजर आए और उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 16 गेंदों में पूरा किया। अभिषेक के आगे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए। अभिषेक ने 20 से कम गेंदों सबसे ज्यादा बार 50 रनों का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। अभिषेक ने संजू सैमसन के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 142 रन जोड़े। अभिषेक की तूफानी बल्लेबाजी के बूते भारतीय टीम ने 100 रनों का आंकड़ा सिर्फ 6 ओवर में पूरा किया। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल में पावरप्ले के अंदर सबसे ज्यादा रन बटोरने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में खेली 22 गेंदों में 76 रन बनाए। अभिषेक का प्रदर्शन पहले और दूसरे टी20 मुकाबले में भी दमदार रहा था।

## टावेंगवा मुखुहलानी बने आईसीसी के नए डिप्टी चेयरमैन, जय शाह ने दी बधाई

दुबई। टावेंगवा मुखुहलानी को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) का डिप्टी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह नवंबर 2027 तक इस पद पर रहेंगे। मुखुहलानी, जो इस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट के चेयरमैन हैं और आईसीसी बोर्ड में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, इमरान ख्वाजा के पद छोड़ने के बाद यह नई जिम्मेदारी संभालेंगे। मुखुहलानी आईसीसी की फाइनेंस एंड कमर्शियल अफेयर्स (एफ एंड सीए) कमेटी और नॉमिनेशन कमेटी के सदस्य हैं। इसके अलावा, वह आईसीसी की एचआर और रेमुनरेशन कमेटी के प्रमुख भी हैं। अब डिप्टी चेयरमैन का पद संभालकर वह आईसीसी के इस अहम पद पर पहुंचने वाले पहले जिम्बाब्वेवासी बन जाएंगे। उनकी नियुक्ति अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक अहम समय पर हुई है, क्योंकि जिम्बाब्वे साउथ अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 की सह-मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। जिम्बाब्वे क्रिकेट में लीडरशिप अनुभव और क्षेत्रीय जानकारी के दम पर मुखुहलानी अहम मार्गदर्शन देंगे, क्योंकि आईसीसी 24 साल में पहली बार इस बड़े टूर्नामेंट को अफ्रीका में वापस ला रहा है। मैं टावेंगवा को उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## रोहित शर्मा के शो में पहुंचे शिखर धवन, हिटमैन ने कहा- वाई फिकर, वैन आई हैव शिखर



भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा वेब रियलिटी गेम शो 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' में बतौर होस्ट के तौर पर नजर आएंगे। शो में उनके साथ कई जाने-माने क्रिकेटर और अन्य सितारे मस्ती करते नजर आएंगे। आगामी एपिसोड में रोहित शर्मा ने अपने पुराने दोस्त और पूर्व ओपनिंग पार्टनर शिखर धवन का गर्मजोशी, यादों और दोस्ती से भरे अंदाज में स्वागत किया। एपिसोड की शुरुआत में रोहित शर्मा ने मजाकिया लहजे में स्वागत किया और कहा कि सभी लोग बगीचे में खिले फूलों की तरह फ्रेश लग रहे हैं और बताया कि वह खुद भी आज कुछ ज्यादा ही फ्रेश महसूस कर रहे हैं क्योंकि उनका कोई बहुत करीबी मित्र आने वाला है। एपिसोड का माहौल बनाते हुए रोहित शर्मा ने दर्शकों से पूछा, "वैसे ही एक बात बताना चाहूंगा, आप सब लोगों को पता होगा कि वह दोस्त कौन है?" अपने सवाल का जवाब देते हुए रोहित शर्मा उस दोस्त के बार में बताते हैं। उन्होंने कहा, "वह मेरा दोस्त ऐसा है, जिसे रेस्टोरेंट में बिल भरते वक्त अचानक जरूरी कॉल आ जाती है और वह निकल लेता है। आजकल वह मीम्स और रील्स बहुत शेयर करते हैं। उसके साथ मैंने ड्रेसिंग रूम, जीत, हार, प्रेशर और ओपनिंग तक शेयर की है।" रोहित शर्मा ने शिखर धवन को स्टेज पर बुलाने से पहले उनके साथ अपने खास रिश्ते को याद किया जो उनके शुरुआती क्रिकेट के दिनों से बना हुआ है। उन्होंने कहा, "सबके साथ दोस्ती, फ्रेंडशिप सब कुछ होती है लेकिन ये जो आ रहा है ना, उसके साथ थोड़ी अलग बॉन्डिंग रही है मेरी। हमने बहुत ही छोटी उम्र में प्रोफेशनल लेवल पर एक साथ खेलना शुरू किया था क्योंकि हमारी पार्टनरशिप बिल्कुल टेंशन फ्री रही है। मैं हमेशा यही सोचता था कि जब उसके साथ खेलूंगा, तो मेरा प्रेशर पूरा निकल जाएगा, क्योंकि वो प्रेशर लेता था और मेरे पर आने नहीं देता था। इसीलिए मैं हमेशा सोचता हूं कि, 'वाइ फिकर, वैन आई हैव शिखर।" वेब रियलिटी गेम शो 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा', 19 सितंबर से रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा। शिखर धवन के मंच पर पहुंचते ही दोनों की पुरानी दोस्ती की झलक देखने को मिली। रोहित और धवन ने भारतीय टीम के लिए लंबे समय तक पारी की शुरुआत की और मैदान पर उनकी साझेदारी को क्रिकेट प्रशंसकों ने खूब पसंद किया। शो में दोनों के बीच पुरानी यादों और क्रिकेट से जुड़े किस्सों के साथ हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत देखने को मिलेगी।

# विटामिन बी12, मैग्नीशियम, विटामिन डी3, विटामिन सी, जिंक, कैल्शियम और फोलेट को कब और कैसे लेना चाहिए



शरीर में विटामिन और मिनरल की कमी होना आजकल सामान्य बात है। इसके लिए डॉक्टर पहले टेस्ट करते हैं और फिर जरूरी सप्लीमेंट खाने की सलाह देते हैं। हालांकि कुछ लोग बिना डॉक्टर की सलाह के भी विटामिन और मिनरल के सप्लीमेंट लेने लगते हैं। लेकिन सही समय और सही तरीके से विटामिन-मिनरल्स न लेने से शरीर को उनका फायदा बेहतर तरीके से नहीं मिल पाता है। ऐसे में डॉक्टर गौरव खटाना, एमजी डीएम गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और हेपेटोलॉजिस्ट (ISIC मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली)ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में विटामिन-मिनरल लेने का सामान्य तरीका बताया है जिससे आपको इन सप्लीमेंट्स को कब और कैसे लेना चाहिए इसका पता चलता है। हालांकि अलग-अलग लोगों में विटामिन और मिनरल की जरूरत और डोज अलग हो सकती है। इसलिए सप्लीमेंट लेने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूरी है।

विटामिन बी12 कैस लें- विटामिन बी12 को खाने के साथ या बिना खाने के लिया जा सकता है। इसे दिन में किसी भी समय लिया जा सकता है। सही समय से ज्यादा जरूरी है कि आप इसे नियमित रूप से लें। आप डॉक्टर की सलाह से टैबलेट, जीभ के नीचे रखने वाली गोली या इंजेक्शन ले सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इन्हें न खाएं।

मैग्नीशियम कैसे लें- मैग्नीशियम शरीर में मांसपेशियों, रिलैक्सेशन और नींद समेत कई कामों में मदद करता है। आप इसे खाने के साथ ले सकते हैं। इससे पेट खराब होने या गैस जैसी परेशानी का खतरा कम हो सकता है। रात में सोने से पहले लेना कुछ लोगों के लिए नींद और रिलैक्सेशन में मददगार हो सकता है। मैग्नीशियम को कैल्शियम, आयरन और जिंक से अलग समय पर लें। दोनों सप्लीमेंट के बीच 2-4 घंटे का गैप रखें।

विटामिन सी कैसे लें- इसे खाने के साथ या बिना खाने के भी लिया जा सकता है। अगर खाली पेट विटामिन सी खाने से पेट में परेशानी होती है तो इसे खाने के साथ लें। विटामिन सी पौधों से मिलने वाले आयरन यानी नॉन हीम आयरन को शरीर में बेहतर तरीके से पहुंचाने में मदद करता है। ज्यादा मात्रा में सप्लीमेंट ले रहे हैं तो इसे दो डोज में बांट लें।

विटामिन डी3 कैसे लें- विटामिन डी3 को ऐसे खाने के साथ लें जिसमें थोड़ी मात्रा में फैट हो।

# हलीम के बीज को डाइट में कैसे करें शामिल?

हलीम के बीज में कई बेहतरीन पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। हालांकि, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है वरना फायदे की जगह आपको नुकसान हो सकता है। सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट और वेट लॉस स्पेशलिस्ट लीमा महाजन बता रही हैं कि हलीम के बीज को किस तरह डाइट में शामिल करें और इससे सेहत को क्या फायदे मिल सकते हैं। पाचन करता है बेहतरः हलीम के बीज गट हेल्थ के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। साथ ही मल त्याग को नियमित करने में मदद करता है, जिससे कब्ज की समस्या से बचाव हो सकता है।

ब्लड शुगर होता है कंट्रोलः हलीम के बीजों में ऐसे कई गुण होते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं, जिससे ये डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद होते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल होता है कंट्रोलः अगर आपका बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है तो अपनी डाइट में हलीम के बीज को शामिल करें। यह ओमेगा थ्री से भरपूर होते हैं जो शरीर में बैक्ड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल कर गुड़ कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाते हैं।

इम्यूनिटी होती है स्ट्रॉन्गः अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है और आप संक्रमण की चपेट में तेजी से आते हैं तो हलीम के बीज का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह, जिंकऔर आयरन से भरपूर होता है जो आपकी इम्यूनिटी को स्ट्रांग करता है।

वजन कंट्रोल करने में मददगारः हलीम के बीज का सेवन वजन कम करने में भी फायदेमंद माना जाता है। प्रोटीन से भरपूर होने की वजह से इसका सेवन करने से भूख कम लगती है।

# प्रोटीन से भरपूर 'स्पिरुलिना पाउडर' क्यों माना जाता है सुपरफूड? एक्सपर्ट ने बताए फायदे और इस्तेमाल का तरीका



स्पिरुलिना एक हरा नीला सूक्ष्म शैवाल है, जिसे पाउडर या सप्लीमेंट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से इसे सुपरफूड कहते हैं। सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट और वेट लॉस स्पेशलिस्ट लीमा महाजन कहती हैं, स्पिरुलिना सबसे ज़्यादा प्रोटीन वाले नेचुरल फ़ूड्स में से एक है, इसके सूखे वज़न का लगभग 60–70% हिस्सा प्रोटीन होता है। यानी यह प्रोटीन के मामले में मीट, अंडे और दालों जैसी चीजों से भी कहीं आगे है। सिर्फ़ 5 ग्राम स्पिरुलिना से लगभग 3.2 ग्राम प्रोटीन मिलता है, साथ ही इसमें 9 एसेंशियल अमीनो एसिड भी मिलते हैं और यह आसानी से पच भी जाता है। चलिए जानते हैं इसके फायदे और इस्तेमाल का सही तरीका। स्पिरुलिना में सिर्फ प्रोटीन ही नहीं बल्कि इसमें आयरन भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। कई दूसरे प्लांट-बेस्ड फ़ूड्स की तुलना में इसके आयरन को शरीर द्वारा ज़्यादा आसानी से सोखने लायक बायोअवेलेबल माना जाता है। अनार या चुकंदर की आम सर्विंग के तुलना में स्पिरुलिना लगभग 1।7 मिलीग्राम ज़्यादा आयरन मिल सकता है। स्पिरुलिना में फाइकोसाइनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है और शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करता है। कुछ स्टडीज़ में स्पिरुलिना के सेवन से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को मैनेज करने में फायदे देखे गए हैं। प्रोटीन समेत कई पोषक तत्वों की मौजूदगी के कारण स्पिरुलिना को शाकाहारी और कम प्रोटीन वाली डाइट लेने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसका स्वाद थोड़ा कड़वा होता है, इसलिए लीमा महाजन कहती हैं कि इसका ड्रिंक बनाते समय आप इसमें आंवला, ताज़ा धनिया, अदरक भी इस्तेमाल करें। इससे स्वाद भी बढ़िया लगता है। साथ ही आंवला विटामिन C देता है, जो आयरन को सोखने में भी मदद करता है। इसके ड्रिंक की शुरुआत हमेशा कम मात्रा से ही करें। प्रोडक्ट पर दिए गए सर्विंग के निर्देशों का पालन करें और हमेशा किसी भरोसेमंद और कंटैमिनेशन-टेस्टेड (मिलावट-मुक्त) ब्रांड को ही चुनें। अगर आप प्रेग्नेंट हैं या ब्रेस्टफ़ीडिंग करा रही हैं, ऑटोइम्यून कंडीशन है, इम्यूनोसप्रेसेंट या खून पतला करने वाली दवाएं ले रही हैं तो डॉक्टर की सलाह के बिना स्पिरुलिना न लें।

# सुबह उठते ही अकड़ जाती है कमर? इन वजहों से हो सकती है परेशानी, ऐसे पाएं राहत



सुबह बिस्तर से उठते ही अगर कमर सीधी करने में परेशानी हो या फिर झुकने पर खिंचाव महसूस हो, तो इसे सिर्फ थकान समझकर नजरअंदाज न करें। कमर का अकड़ना एक आम समस्या है, जो कई बार गलत तरीके से सोने, लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने या ज्यादा मेहनत करने के बाद हो सकती है। हालांकि, अगर यह समस्या बार-बार हो रही है या लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसके पीछे मांसपेशियों के अलावा रीढ़ से जुड़ी कोई परेशानी भी हो सकती है। कमर अकड़ने की सबसे आम वजहों में लंबे समय तक बैठे रहना शामिल है। आजकल दफ्तर में लगातार कई घंटे कुर्सी पर बैठना या घर पर लंबे समय तक मोबाइल चलाना कमर की मांसपेशियों पर दबाव बढ़ा सकता है। जब शरीर लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहता है, तो कमर और कूल्हों के आसपास की मांसपेशियां ठीक तरह से काम नहीं कर पातीं। इससे उठते समय अकड़न और खिंचाव महसूस हो सकता है। गलत तरीके से बैठना भी इस परेशानी को बढ़ा सकता है। कुर्सी पर बैठते समय लगातार आगे की ओर झुकना, कमर को सहारा न देना या मोबाइल को नीचे रखकर लंबे समय तक देखना शरीर की सामान्य बनावट पर असर डालता है। इसी तरह बहुत देर तक खड़े रहना या अचानक भारी सामान उठाना भी कमर की मांसपेशियों में खिंचाव पैदा करता है। ऐसी स्थिति में अकड़न के साथ दर्द भी हो सकता है। सोने का तरीका भी कमर की अकड़न से जुड़ा हो सकता है। अगर रातभर शरीर ऐसी स्थिति में रहा, जिसमें कमर और उसके आसपास की मांसपेशियों पर ज्यादा दबाव पड़ा, तो सुबह उठने पर अकड़न महसूस होती है। कई बार कम चलना-फिरना भी इसका कारण बनता है। जब शरीर की मांसपेशियां नियमित रूप से काम नहीं करतीं, तो इससे शरीर का लचीलापन और ताकत प्रभावित होते है। इसलिए दिनभर बैठे रहने वाले लोगों को हल्की गतिविधि और नियमित कसरत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इसके साथ ही लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने के बजाय अपनी क्षमता के अनुसार हल्का चलना-फिरना बनाए रखना बेहतर होता है। बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि लंबे समय तक लगातार न बैठें।

# आयोडीन की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में कौन कौन सी चीजें शामिल करनी चाहिए?

आयोडीन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी मिनरल है। जिसकी जरूरत शरीर को थायरॉयड हार्मोन बनाने के लिए होती है। ये हार्मोन शरीर के मेटाबॉलिज्म, शरीर का तापमान, एनर्जी लेवल, बढ़ने और दिमाग के विकास को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर में आयोडीन की कमी से घेंघा रोग, थायराइड संबंधी समस्याएं, थकान, वजन बढ़ना और बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास में रुकावट जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में डॉ. प्रसन्ना कार्तिक एस, सीनियर कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन, ग्लेनीगल्स बता रहे हैं कि इसकी आयोडीन की कमी को कैसे दूर कर सकते हैं। आयोडीन की कमी दूर करने के लिए आप आयोडीन वाला नमक इस्तेमाल कर सकते हैं। बिना आयोडीन वाले नमक की जगह आयोडीन वाला नमक इस्तेमाल करने से शरीर की रोज़ की जरूरत पूरी करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, नमक का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए, क्योंकि ज्यादा नमक खाने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है। आयोडीन वाले नमक को बंद डिब्बे में, नमी और गर्म चीजों से दूर रखें, ताकि उसमें मौजूद आयोडीन लंबे समय तक बना रहे। दूध, दही, योगर्ट और दूसरे डेयरी प्रोडक्ट्स से भी आयोडीन मिल सकता है। हालांकि इनमें आयोडीन की मात्रा अलग-अलग हो सकती है। अंडे, अंडे की जर्दी में भी अच्छी मात्रा में आयोडीन होता है। मछली और सीफूड से भी अच्छी मात्रा में आयोडीन मिल सकता है, लेकिन यह मछली के प्रकार और खाई गई मात्रा पर निर्भर करता है।

# आधुनिक युग की नई वॉकिंग यानि लिम्फैटिक वॉकिंग

आजकल सोशल मीडिया पर 10 मिनट की लिम्फैटिक वॉकिंग काफी ट्रेंड में है। दावा किया जा रहा है कि खास तरीके से की गई यह छोटी-सी वॉक शरीर में जमा अतिरिक्त फ्लूइड को बाहर निकालने और सूजन-ब्लोटिंग कम करने में मदद कर सकती है। इस वॉक में सिर्फ चलने पर ही नहीं, बल्कि बॉडी पॉश्चर, सांस लेने के तरीके और चलने की स्पीड पर भी ध्यान दिया जाता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वाकई सामान्य वॉक से ज्यादा असरदार है या फिर यह सिर्फ एक नया फिटनेस ट्रेंड है? इसे समझने के लिए पहले यह जानना जरूरी है कि शरीर का लिंफैटिक सिस्टम कैसे काम करता है। क्या होता है लिंफैटिक सिस्टमः हमारे शरीर में खून की तरह ही लिंफ (Lymph) नाम का एक तरल पदार्थ भी घूमता रहता है। इसका काम शरीर से अतिरिक्त फ्लूइड और कुछ वेस्ट मटीरियल को हटाने में मदद करना है। हालांकि, खून को पूरे शरीर में पहुंचाने के लिए दिल एक पंप की तरह काम करता है, लेकिन लिंफैटिक सिस्टम का अपना कोई पंप नहीं होता। लिंफ फ्लूइड का मूवमेंट मुख्य रूप से शरीर की मांसपेशियों के सिकुड़ने-फैलने और सांस लेने की प्रक्रिया से होता है।

# मन अशांत और नींद से हैं परेशान; भ्रामरी प्राणायाम है रामबाण, जानें करने का सही तरीका

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लगातार तनाव के बीच मन की शांति सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में कई योगासन और प्राणायम हैं जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, उन्हीं में से एक है 'भ्रामरी प्राणायम'। इसको करने से मन शांत, तनाव दूर और एकाग्रता बढ़ती है। 'भ्रामरी' का अर्थ है 'भौंरा', और इस प्राणायाम को करते समय निकलने वाली ध्वनि ठीक-भौंरे की गुंजन जैसी होती है, इसलिए इसे यह नाम दिया गया है। अगर किसी भी व्यक्ति को नींद की कमी, मन शांत या छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, उनके लिए भ्रामरी प्राणायम किसी भी रामबाण से कम नहीं है। सिर्फ 2 मिनट का यह अभ्यास आपके दिमाग को कैसे शांत करने में मदद करता है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, भ्रामरी प्राणायाम दिमाग शांत करने में मदद करता है। तनाव कम होता है, गुस्सा कंट्रोल में रहता है, और मन की बेचैनी भी धीरे-धीरे दूर होने लगती है। इसके नियमित अभ्यास से दिमाग और नसों को आराम मिलता है, जिससे सोचने-समझने की ताकत भी बढ़ती है। प्राणायाम योग शास्त्र में श्वास-प्रश्वास (भ्रामरी) को नियंत्रित और विस्तारित करने की एक प्राचीन प्रक्रिया बताया गया है। यह शब्द दो हिस्सों से मिलकर बना है, 'प्राण' (जीवन शक्ति या ऊर्जा) और 'आयाम' (विस्तार या नियंत्रण)। इसका अर्थ है शरीर में प्राण-शक्ति का प्रसार करना। महर्षि पतंजलि के योग दर्शन में इसे अष्टांग योग का चौथा चरण बताया गया है। इसे करने से ध्यान केंद्रित करने की ताकत बढ़ती है।

# स्तन कैंसर से बचाव की पहली सीढ़ी है जागरूकता, इन बदलावों पर दें ध्यान

स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर में से एक है। इसकी शुरुआती पहचान और समय पर चिकित्सीय मूल्यांकन से आगे की देखभाल और उपचार की दिशा तय करने में मदद मिल सकती है। इसलिए अपने शरीर में होने वाले बदलावों को समझना और उन्हें लेकर सजग रहना बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि स्तन में नई गांठ या कोई कठोर हिस्सा महसूस होना ऐसा बदलाव है, जिस पर ध्यान देना चाहिए। हर गांठ कैंसर नहीं होती। कई बार गांठ के पीछे सामान्य कारण भी हो सकते हैं। फिर भी अगर स्तन में कोई नई गांठ महसूस हो, खासकर जो बनी रहे या समय के साथ बदलती महसूस हो, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर है। अगर स्तन के आकार, स्वरूप या बनावट में अचानक कोई बदलाव दिखाई दे, तो उसे नजरअंदाज न करें। दोनों स्तनों के आकार में थोड़ा अंतर सामान्य हो सकता है, लेकिन किसी एक स्तन में नया और असामान्य बदलाव नजर आए तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। स्तन की त्वचा पर लालिमा, मोटापन, सूजन, गड्ढे जैसा दिखना या बनावट में अचानक बदलाव भी ध्यान देने योग्य संकेत हो सकते हैं।

# बवासीर कितनी तरह की होती है और किसमें रहता है जान का खतरा?



बवासीर गुदा और मलाशय के निचले हिस्से की नसों में सूजन आने या उनके फूल जाने की स्थिति को कहते हैं। यह अब एक आम समस्या है, लेकिन इसके लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बवासीर में काफी तेज दर्द होता है और कई बार सूजन की वजह से खून भी निकलने लगता है। समय रहते इसका इलाज कराना बेहद जरूरी है नहीं तो समस्या बढ़ सकती है। एक सवाल जो कई लोगों के मन में आता है वो है बवासीर कितनी तरह की होती है और क्या इससे मौत भी हो सकती है। डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक सर्जरी फोर्टिस हॉस्पिटल मानेसर बता रहे हैं बवासीर के मुख्य प्रकार और क्या इससे मौत हो सकती है। चलिए जानते हैं। यह मलाशय के अंदर होती है और शुरुआती स्टेज में आमतौर पर दर्द नहीं होता। मल त्याग के समय खून आना इसका प्रमुख लक्षण है। आंतरिक बवासीर को सामान्यतः चार ग्रेड में बांटा जाता है। ग्रेड 1 में बवासीर अंदर ही रहती है, ग्रेड 2 में मल त्याग के दौरान बाहर आकर अपने आप अंदर चली जाती है। ग्रेड 3 में इसे हाथ से अंदर करना पड़ता है, जबकि ग्रेड 4 में यह लगातार बाहर रहती है और वापस अंदर नहीं जाती। यदि इसमें खून का थक्का बन जाए तो इसे थ्रॉम्बोस्ड एक्सटर्नल हेमोरॉयड कहते हैं, जिसमें अचानक तेज दर्द और सूजन हो सकती है।

# वज्रासन से पाचन होगा दुरुस्त, पेट की गैस और कब्ज से मिलेगा छुटकारा

भागदौड़भरी जीवनशैली में जहां लोग कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं योग एक प्राकृतिक और सरल उपाय के रूप में उभरा है। विभिन्न आसनों में वज्रासन एक ऐसा आसन है, जिसे करना सबसे सरल है और यह काफी लाभकारी है। संस्कृत में 'वज्र' का अर्थ 'हीरा' या 'बिजली' होता है, इसलिए इसे 'डायमंड पोज' भी कहते हैं। 'वज्र' का अर्थ होता है कठोर या मजबूत और इस आसन से शरीर वज्र के समान मजबूत बनता है, इसलिए इसे वज्रासन कहा जाता है। वज्रासन एकमात्र ऐसा योगासन है, जिसे भोजन करने के तुरंत बाद भी किया जा सकता है क्योंकि यह पैरों की तरफ रक्त संचार को थोड़ा रोककर पेट के अंगों में रक्त प्रवाह और पाचक रसों को बढ़ाता है। साथ ही, इसके अभ्यास से पाचन क्रिया में सुधार आता है और शरीर को मजबूती मिलती है। आयुर्वेद के अनुसार, वज्रासन खासतौर से वजन कम करने में मददगार होता है। इसे करने से शरीर का वजन कम करने में मदद मिलती है, खासकर जांघों और पेट की चर्बी घटती है। इससे पेट हल्का लगता है और पाचन तंत्र मजबूत होता है। यह कब्ज, गैस, खट्टी डकार और अपच जैसी पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। वज्रासन से शरीर में खून का बहाव बेहतर होता है और इसे रोज करने से साइटिका जैसी बीमारी से भी राहत मिलती है। यह आसन खासतौर पर खाने के बाद करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। वज्रासन करने का सही तरीका बहुत आसान है। सबसे पहले अपने घुटनों के बल बैठ जाएं। फिर अपनी पीठ को सीधा रखें ताकि आपकी रीढ़ की हड्डी सही स्थिति में हो। अपने पैर जमीन पर इस तरह रखें कि पैर की उंगलियां जमीन की तरफ हों और एड़ियां ऊपर की ओर रहें। अब अपनी सांसों पर ध्यान दें और इस मुद्रा को कुछ मिनट तक बनाए रखें। इस तरह वज्रासन करने से शरीर को आराम मिलता है और कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। यदि किसी भी साधक के घुटनों में तेज दर्द है या घुटने का कोई ऑपरेशन हुआ है, तो इसे न करें। एड़ियों या टखनों की चोट होने पर इस आसन से बचें। हर्निया या रीढ़ की हड्डी में गंभीर समस्या (जैसे गंभीर स्लिप डिस्क) वाले लोग इसे न करें। गर्भवती महिलाएं इसे करते समय घुटनों के बीच थोड़ा अंतर रखें ताकि पेट पर दबाव न पड़े (बेहतर होगा किसी विशेषज्ञ की सलाह लें)। शुरुआत में कुछ मिनट बैठना पर्याप्त है और अभ्यास बढ़ने के साथ अवधि धीरे-धीरे बढ़ाई जा सकती है। इस दौरान पीठ को सहज रूप से सीधा रखें और सांसों को सामान्य गति से लेते रहें। वजन कम करने के संदर्भ में भी केवल वज्रासन पर निर्भर रहना उचित नहीं है।



## PM मोदी की तारीफ में CM विजय ने पढ़े कसीदे, बर्थडे पर प्रधानमंत्री को यूं किया विश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें बर्थडे पर तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने उन्हें बधाई दी है। सीएम विजय के मैसेज में PM मोदी की लीडरशिप और मजबूत भारत के निर्माण के खातिर उनके प्रयासों की खुलेआम तारीफ है। इसके बाद से सियासी गलियारों में सीएम विजय के इस स्टेटमेंट की चर्चा होने लगी है और इसे केंद्र व तमिलनाडु सरकार के बीच बदलते राजनीतिक रिश्तों से जोड़कर देखा जाने लगा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री कार्यालय ने X पर सीएम विजय का मैसेज शेयर किया है।

CMO तमिलनाडु ने पोस्ट किया, 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, जो एक मजबूत भारत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से नेतृत्व कर रहे हैं। मैं दिल से आपके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं।' सीएम विजय के इस मैसेज में इस्तेमाल हुए शब्द सियासी तौर पर खास माने जा रहे हैं। विजय ने बाकी विरोधी नेताओं की तरह प्रधानमंत्री को महज औपचारिक बधाई नहीं दी, बल्कि पोस्ट में PM मोदी के साथ वाला फोटो भी शेयर किया गया।

# दिल्ली से मुंबई तक, iPhone का नया मॉडल खरीदने के लिए लगी लंबी कतारें, एक ग्राहक ने कहा- '10 बजे रात से ही लाइन में हूं...'



एपल कंपनी के iPhone का क्रेज भारत में लोगों के बीच लगातार बढ़ता चला जा रहा है। जैसे ही एपल अपने iPhone का कोई भी नया मॉडल लॉन्च करती है, इसे खरीदने वालों की लाइन लग जाती है। हाल ही में एपल ने iPhone 18 के अलग-अलग वेरिएंट्स को लॉन्च किया था। आज शुक्रवार 18 सितंबर से भारत में iPhone 18 Pro और iPhone 18 Pro Max की आधिकारिक बिक्री शुरू कर दी गई है। मोबाइल फोन को खरीदने के लिए गुरुवार की रात से भीड़ लग गई है। दिल्ली से लेकर मुंबई और बेंगलुरु तक लोग एपल की शॉप के बाहर लाइन लगा कर खड़े हैं। iPhone 18 Pro और iPhone 18 Pro Max की बिक्री शुरू होने से पहले ही मुंबई में एप्पल स्टोर के बाहर ग्राहकों की भारी भीड़ जमा है। एक ग्राहक ने कहा कि "हम पूरी रात यही पर खड़े रहे हैं। हम काफी उत्साहित हैं। भले ही हमारे पास बारकोड नहीं है, फिर भी हम लाइन में खड़े हैं।" वहीं, एक अन्य ग्राहक हितेश पटेल ने बताया- "मैं नासिक से मुंबई आया हूं। हम लोग कल गुरुवार की रात 10 बजे से ही लाइन में लगे हुए हैं। मुझे पहला स्लॉट मिला है, जो सुबह 8 बजे का है। इसके बाद मुझे अपना प्रोडक्ट मिल जाएगा। मैं हर साल मोबाइल को बदल देता हूं। मेरे पास अभी 17 Pro Max मौजूद है। मैं अब 18 Pro Max लेने जा रहा हूं।" भारत में iPhone 18 Pro और iPhone 18 Pro Max की आधिकारिक बिक्री शुरू होने बेंगलुरु में भी भारी भीड़ जमा देखी गई है। यहां 'मॉल ऑफ एशिया' में 'इमैजिन एप्पल प्रीमियम रीसेलर स्टोर' के बाहर नए डिवाइस खरीदने के लिए कस्टमर्स की लंबी लाइनें देखी गई। इस दौरान राहुल नाम के एक कस्टमर ने कहा- "मैं करीब सुबह 5 बजे से ही यहां मौजूद हूं। यहां लंबी लाइन लगी थी। हरियाणा, दिल्ली और मुंबई से भी लोग सिर्फ iPhone खरीदने के लिए यहां आए हैं। मैं काफी समय से iPhone खरीद रहा हूं। मुझे याद है कि मेरा पहला iPhone, iPhone 7 था। तब से मैं लगातार iPhone खरीद रहा हूं। मैं फोन का इंतजार कर रहा हूं। लेकिन मेरे लिए यह किसी त्योहार जैसा है। iPhone का लॉन्च किसी त्योहार की तरह होता है। हर साल, मैं iPhone खरीदने की कोशिश करता हूं।" राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी iPhone 18 Pro और iPhone 18 Pro Max की बिक्री शुरू होने से पहले शुक्रवार को सुबह-सुबह साकेत के 'सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल' में एप्पल स्टोर के बाहर भीड़ जमा है। भीड़ में मौजूद सूरज चौहान नाम के एक कस्टमर ने इस दौरान कहा- मैं YouTube पर चैनल चलाता हूं और टेक रिव्यू करता हूं। मुझे फोन में काफी दिलचस्पी है। मैंने पिछली बार 17 Pro खरीदा था, इसलिए इस बार मैं 18 Pro Max खरीदने आया हूं। बड़ी संख्या में लोग फोन का इंतजार कर रहे हैं। मैं भी इंतजार कर रहा हूं।" वहीं, अजय नाम के एक ग्राहक ने कहा- "मैं 18 Pro Max 1TB लेने आया हूं। मैंने इसे पहले ही प्री-बुक कर लिया है; बस यहां इंतजार कर रहा हूं। काफी भीड़ है। लेकिन मैं फोन सबसे पहले पाना चाहता हूं। वर्तमान में मैं iPhone 17 Pro यूज कर रहा हूं। देखते हैं कि 18 Pro में उन्होंने क्या नए फ़ीचर्स दिए हैं।" भारत में इसकी शुरुआती कीमत 2.99 लाख रुपये रखी गई है।

## अजमेर में आखिरकार कांग्रेस की जीत, किरण गढ़वाल लड़ेंगी मेयर का चुनाव, BJP की आपत्ति खारिज

अजमेर नगर निगम में मेयर पद के नामांकन की जांच के दौरान भाजपा प्रत्याशी अनामिका शर्मा की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी किरण गढ़वाल के खिलाफ लगाई गई आपत्ति को खारिज कर दिया गया है। आपत्ति में नगर निगम की बकाया राशि और नामांकन में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया था। आपत्ति खारिज होने के बाद किरण गढ़वाल का नामांकन बरकरार, अब मेयर पद के लिए अनामिका शर्मा और किरण गढ़वाल के बीच मुकाबला तय हो गया है। अजमेर नगर निगम में मतदान 21 सितंबर को होगा। अजमेर में नगर निगम चुनाव के बाद अब मेयर पद के चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसकी वजह है कि 80 वार्डों वाले अजमेर नगर निगम में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। एक तरफ कांग्रेस 37 पार्षदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, जबकि भाजपा के खाते में 32 सीटें आई हैं। वहीं 11 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की है। ऐसे में बोर्ड गठन और मेयर चुनाव में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। मेयर पद के लिए भाजपा की ओर से अनामिका शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि कांग्रेस की तरफ से किरण गढ़वाल ने नामांकन दर्ज कराया है। किरण गढ़वाल वार्ड 57 से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद बनी हैं। ऐसे में कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी के पास बोर्ड बनाने के लिए जरूरी समर्थन जुटाने की स्थिति है। वहीं भाजपा भी अपने पक्ष में बहुमत होने का दावा कर रही है। अजमेर में मेयर पद के चुनाव के लिए बहुमत का आंकड़ा 41 है। ऐसे में कांग्रेस को बहुमत के लिए चार पार्षदों के समर्थन की जरूरत है, जबकि भाजपा को नौ पार्षदों का समर्थन जुटाना होगा। वहीं चुनाव से पहले जोड़-तोड़ की संभावनाओं के बीच कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने पार्षदों को एकजुट रखने के लिए उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रखा है। कांग्रेस के पार्षदों को अजमेर से बाहर ले जाया गया है और उनके बेंगलुरु शिफ्ट किए जाने की भी चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है। नामांकन पर आपत्ति खारिज होने के बाद अब मेयर पद के चुनाव की तस्वीर स्पष्ट हो गई है। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन वैध रहने से अनामिका शर्मा और किरण गढ़वाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। अब चुनावी प्रक्रिया का अगला चरण पार्षदों के समर्थन और मतदान पर केंद्रित रहेगा। 80 सदस्यीय नगर निगम में बहुमत का आंकड़ा 41 है। कांग्रेस के 37, भाजपा के 32 और निर्दलीय पार्षदों की 11 सीटें हैं। ऐसे में किसी भी उम्मीदवार को अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं है। मतदान में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी और उनका समर्थन किस उम्मीदवार को मिलता है, इससे चुनाव का गणित प्रभावित होगा। दोनों प्रमुख दलों की ओर से अपने पार्षदों को एकजुट रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। चुनाव से पहले पार्षदों के साथ बैठकें और संपर्क का दौर जारी है।

# पहाड़ी इलाकों में सितंबर के महीने में दिसंबर जैसी बर्फबारी, जानिए दिल्ली, यूपी और बिहार में 2 दिन कैसा रहेगा मौसम



मौसम ने एक बार फिर करवट बदला है। पहाड़ी इलाकों में गुरुवार को सितंबर के महीने में दिसंबर जैसी बर्फबारी देखने को मिली। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पहाड़ सफेद बर्फ की चादर में समा गए। पहाड़ी इलाकों में हुए मौसम में बदलाव, अब मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान करीब 23C और अधिकतम 34C रहने का अनुमान है। दिल्ली में शनिवार को भी बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान करीब 23C और अधिकतम 35C रहने की संभावना है। स्काइमेट वेदर के अनुसार दिल्ली में 18 से 23 सितंबर तक बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। शुरुआत में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और 21 सितंबर से आसमान मुख्य रूप से साफ हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम सामान्य रहेगा। शुक्रवार और शनिवार (18-19 सितंबर) को आसमान में धूप रहेगी। दिन के समय उमस वाली गर्मी भी हो सकती है। यूपी के कुछ जिलों में स्थानीय स्तर पर हल्के बादल छाए रहने का भी अनुमान है। बिहार में अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

## घर में फंदे से लटका मिला 25 साल के युवक का शव, चार महीने पहले हुई थी शादी



सोनभद्र में जिस घर में चार महीने पहले शादी की खुशियां गूंजी थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। 25 साल के युवक की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव फंदे से लटका मिलने के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल युवक की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना चोपन थाना क्षेत्र की डाला चौकी के अंतर्गत आने वाले बाड़ी इलाके की बताई जा रही है। मृतक की पहचान मनीष पुत्र बाबूलाल के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 25 साल थी। बताया जा रहा है कि मनीष की शादी करीब चार महीने पहले ही हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद हुई इस घटना से परिवार सदमे में है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने घर के अंदर मनीष को फंदे से लटका देखा। यह दृश्य सामने आते ही घर में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही डाला चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस फिलहाल युवक की मौत के पीछे की वजह जानने में जुटी है। घटनास्थल और परिवार से जुड़ी परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। मनीष ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसे लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आने की उम्मीद है। घटना की खबर इलाके में फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिवार के लिए यह सदमा इसलिए भी गहरा है क्योंकि कुछ ही महीने पहले घर में शादी का माहौल था। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों से भी घटना से पहले की परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# मेघालय की राजधानी शिलांग दहली, सरकारी दफ्तरों और पुलिस ठिकानों पर एक के बाद एक बम हमले

**एक के बाद एक लगातार 4 सिलसिलेवार बम हमलों ने मेघालय की राजधानी शिलांग को दहला दिया।**



मेघालय की राजधानी शिलांग में सरकारी दफ्तरों और पुलिस थानों को निशाना बनाकर किए गए एक के बाद एक 4 बम हमलों से हड़कंप मच गया। इन लगातार हुए हमलों के बाद प्रशासन ने शहर में सरकारी और पुलिस ठिकानों के आसापास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। ये घटनाएं 16 सितंबर की शाम से गुरुवार तड़के के बीच की हैं। इनमें से किसी भी हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि हमलावर कौन थे और हमले क्यों किए गए इसका अभी पता नहीं चला है। अधिकारी अभी तक इन हमलों के पीछे शामिल बदमाशों और उनके मकसदों के बारे में कुछ पता नहीं लगा पाए हैं। पुलिस CCTV फुटेज और दूसरे सबूतों की जांच कर रही है। बदमाशों ने गुरुवार तड़के लाइतुम्खराह इलाके में स्थित स्वास्थ्य सेवा निदेशालय (DHS) परिसर पर पेट्रोल बम फेंका, जिससे परिसर में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को काम पर लगाया गया। एक अन्य घटना में, तड़के अज्ञात बदमाशों ने नोंगमेनसॉन्ग स्थित एक पुलिस बूथ को आग के हवाले कर दिया। ये दोनों हमले बुधवार रात लुमडिंगजरी पुलिस थाने पर पेट्रोल बम फेंके जाने के कुछ ही घंटों बाद हुए। वह बम थाना प्रभारी के कमरे के पिछले हिस्से में गिरा, जिससे मामूली नुकसान हुआ। बुधवार शाम रिसा कॉलोनी स्थित खनिज संसाधन निदेशालय (DMR) के कार्यालय पर भी पेट्रोल बम से हमला किया गया, जिसमें डीएमआर के एक कर्मचारी के निजी वाहन को नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों ने आग बुझा दी। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हम सभी घटनाओं की जांच कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, पुलिस हमलावरों की पहचान करने और हमलों के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध अन्य सबूतों की जांच कर रही है। वहीं, आपको बता दें कि हल ही में घर के बाहर शोर का विरोध करने पर मणिपुर के पूर्व संगीतकार की दिल्ली में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक ने घर के सामने डिलीवरी बॉय और ढाबा कर्मचारियों के शोर-शराबे और हंगामे का विरोध किया था। लगातार हुई इन घटनाओं के बाद पुलिस ने सरकारी कार्यालयों और पुलिस प्रतिष्ठानों के आसपास निगरानी बढ़ा दी है। संवेदनशील स्थानों पर गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जबकि घटनास्थलों से मिले साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों का ध्यान इस बात पर भी है कि चारों घटनाओं के बीच कोई आपसी संबंध है या नहीं। पुलिस CCTV फुटेज के जरिए संदिग्धों की गतिविधियों और घटनास्थल के आसपास की आवाजाही की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा पेट्रोल बम फेंकने के तरीके, इस्तेमाल किए गए सामान और घटनाओं के समय के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। अभी तक किसी संगठन या व्यक्ति की ओर से हमलों की जिम्मेदारी लेने की जानकारी सामने नहीं आई है। DHS परिसर में आग लगने के बाद दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं पुलिस बूथ और अन्य सरकारी परिसरों में हुए नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है।

## नितिन नबीन ने PM मोदी को दी जन्मदिन की बधाई, विपक्ष पर कसा तंज, जानें क्या कहा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। इंदौर में नितिन नबीन ने कहा कि PM मोदी ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाते हुए 140 करोड़ लोगों को विकास से जोड़ा है। पीएम मोदी विश्व के सर्वमान्य नेता हैं। इसके साथ ही नितिन नबीन ने विपक्ष पर तंज कसा और कहा, जब विपक्ष राजनीति में लगा हुआ था, तब हमने समाज को एकजुट करने और लोगों को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का काम किया। इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान BJP नेता नितिन नवीन ने कहा कि जब भारत BRICS समिट में अपनी छाप छोड़ रहा था, तब विपक्ष सिर्फ़ मेन्यू देख रहा था। जो लोग देश को बांटने वालों के साथ चलते हैं, वे अब देश को एकजुट करने की बात कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को इंदौर में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को मुफ्त भूमि स्वामी अभिलेख यानी रजिस्ट्री बांटी। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पीएम मोदी के लिए यह दिन बहुत सुखद हो और आने वाला साल सेहतमंद और खुशियों से भरा रहे।

# 'बार-बार दिन ये आए ... जियो हजारों साल', तेलंगाना में शिवराज चौहान ने गाना गाकर PM मोदी को दी जन्मदिन की बधाई



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को तेलंगाना के दौरे पर रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शिवराज चौहान ने 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शिवराज चौहान ने रंगारेड्डी जिले के कंदुकूर मंडल स्थित थिम्मापुर गांव में किसानों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की दीदियों के साथ पीएम मोदी के जन्मदिन पर 'आशीर्वाद का दीया' जलाया। मंच पर से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं आपके बीच आकर पीएम मोदी का जन्मदिन मना रहा हूं। इसके साथ ही शिवराज ने गाना गा कर पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। शिवराज चौहान ने मंच से 'बार-बार दिन ये आए... जियो तुम हजारों साल, हैप्पी बर्थडे टू यू...' गाना गाया। इसके साथ ही शिवराज चौहान ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयन्ती और आज हैदराबाद मुक्ति दिवस भी है। शिवराज चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। उनके नेतृत्व में किसी भी देश की हिम्मत नहीं होती है कि भारत पर आंख उठाकर देख ले। शिवराज ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस है, इसलिए पीएम मोदी विकसित भारत के निर्माणकर्ता हैं। मोदी जी के आने से आमजन के लोगों का जीवन बदला है। मोदी की सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं, इसमें लखपति दीदी योजना भी है, जिससे महिलाओं, माताओं और बहनों को खासा लाभ हुआ है। मंच पर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 (राजस्थान) से मुद्रित व प्लॉट नंबर - 12 सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12सी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJBIL/26/A5611 प्रबंध सम्पादक - गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in